मराठवाड्यातील हिंगोली, बीड आणि जालना या जिल्ह्यांची अर्थव्यवस्था आजही मोठ्या प्रमाणावर शेतीवर आधारित आहे, तर औरंगाबादमध्ये बिगर-शेती क्षेत्राचा प्रभाव अधिक दिसून येतो. लातूर आणि नांदेडमध्ये शेतमजुरांची संख्या 55% पेक्षा जास्त असणे ही एक सामाजिक-आर्थिक चिंतेची बाब ठरू शकते.

मराठवाड्यातील इतर मागासवर्गीयांची शैक्षणिक स्थिती

अनु.	शैक्षणिक स्थिती	लाभार्थी संख्या	टक्केवारी
1	प्राथमिक	15	15
2	माध्यमिक/ उच्च माध्यमिक	25	25
3	पदवी	20	20
4	अशिक्षित	40	40
7	एकूण	100	100

स्रोत –प्राथमिक माहिती संकलनाच्या आधारे

वरील तक्ता मध्ये आपणास स्पष्टपणे दिसते की, प्राथमिक 15 % उच्च माध्यमिक शिक्षण घेतलेल्या लाभार्थ्याचे प्रमाण 25 % एवढे असून ती इतर शिक्षणाच्या तुलनेने असल्याचे दिसते. अशिक्षित लाभार्थ्यांची संख्या सर्वाधिक 40 % असल्याचे निदर्शनास येथे. तर पदवी शिक्षण घेतलेल्यांची संख्या एकूण लाभार्थ्यापैकी 20 % एवढीच आहे. वरील शैक्षणिक परिस्थिती विचारात घेतली असता. लाभार्थी फारसे उच्च शिक्षित नाहीत असे याठिकाणी नमूद करावेसे वाटते. मराठवाड्याच्या सर्व जिल्ह्यांचे साक्षरता प्रमाण हे राज्य सरासरीच्या खाली आहे. यासाठी शासनाने शिक्षणाचा दर्जा वाढविण्यासाठी प्रयत्न करावा व त्याचा लाभ गरजूंना मिळेल अशी व्यवस्था निर्माण करावी. विद्यार्थ्यांना शिकविला जाणारा अभ्यासक्रम हा रोजगारक्षम असला पाहिजे. 'कौशल्य प्रशिक्षण केंद्र' स्थापन करून व्यवसायाचे प्रशिक्षण देण्यात यावे. ऑल इंडिया कोटामधून वैद्यकीय शिक्षणासाठी ओबीसी समाजातील विद्यार्थ्यांना देण्यात येणाऱ्या 9 हजाराहून जास्त जागा ओबीसी समाजातील विद्यार्थ्यांना नाकारण्यात आलेल्या आहेत. विद्यापीठ अनुदान आयोग (University Grant Commision) नुसार भारतातील केंद्रीय विद्यापीठांमध्ये ओबीसी समाजातील प्राध्यापकांची संख्या 5 टक्क्यांपेक्षा कमी आहे. वास्तविक पाहता येथे ओबीसी समाजातील प्राध्यापकांची संख्या ओबीसी आरक्षणानुसार 27 टक्के असायला हवी. राष्ट्रीय विधी महाविद्यालयांमध्ये (National Law Universities) मध्ये ओबीसी समाजाचे 27 टक्के आरक्षणाची तरतूद पूर्णपणे डावलण्यात आली आहे. इंडियन इन्स्टिटयूट ऑफ मॅनेजमेंट (IIM) सारख्या उच्च शिक्षणाच्या महत्वाच्या संस्थांमध्ये सुद्धा ओबीसी समाजाच्या प्राध्यापकांसाठीच्या आरक्षित असलेल्या 27 टक्के जगांपैकी 52 टक्के जागा या भरल्या गेलेल्या नाहीत. भारतीय विज्ञान संस्था (Indian Institute of Science) या संस्थेमध्ये ओबीसी प्राध्यापकांच्या आरक्षित असलेल्या 9. टक्के जागा भरल्या गेलेल्या नाहीत.या आकडेवारीमधून हे स्पष्ट लक्षात येते, की स्वतंत्र भारतामध्ये अजूनही ओबीसी समाजाचे शैक्षणिक दमन कशा पद्धतीने केले जात आहे.

ओबीसी समाज हा ऐतिहासिकदृष्ट्या सामाजिक व शैक्षणिकदृष्ट्या मागास राहिलेला आहे. संविधानिक तरतुदी असूनही प्रत्यक्षात त्यांचा पुरेसा लाभ मिळत नाही. मराठवाड्यासारख्या दुष्काळग्रस्त भागात ओबीसी समाजाची परिस्थिती अधिक गंभीर आहे. त्यामुळे शिक्षण, रोजगार, सिंचन सुविधा आणि सामाजिक समतेसाठी प्रभावी धोरणांची गरज आहे.

परिणाम– जातिव्यवस्था आणि तिच्या पार्श्वभूमीवर विकसित झालेल्या ओबीसी समाजाच्या स्थितीमुळे भारतीय समाजावर अनेक सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक आणि राजकीय परिणाम झाले आहेत

1. **सामाजिक परिणामसामाजिक विषमता वाढली –** उच्च-निम्न अशी श्रेणी निर्माण होऊन समानतेचा अभाव राहिला. ओबीसी व इतर खालच्या घटकांना सामाजिक प्रतिष्ठा कमी मिळाली. समाजात संघर्ष, असंतोष आणि विभागणी वाढली या कारणामुळे समाजची गतिशीलता कमी झाली

2. अलीकडील काळात शिक्षणाच्या सोइ उपलब्ध असून देखील उच्च शिक्षणात कमी प्रतिनिधित्व आणि व्यावसायिक व तांत्रिक शिक्षणात सहभाग कमी झाला

3. **आर्थिक परिणाम–** गरिबी आणि अस्थिर उत्पन्न रू पारंपरिक व्यवसायांवर अवलंबून राहावे लागते व आहे त्यात जमिनीचे असमान वाटप रू लहान व सीमांत शेतकऱ्यांचे प्रमाण जास्त. आणि औद्योगिकध्नोकरी संधी कमी

शिफारशी/उपायजोजना

1. **जातीनिहाय जनगणना–** समाजाची नेमकी लोकसंख्या आणि त्यांची सामाजिक-आर्थिक स्थिती समजून घेण्यासाठी जातनिहाय जनगणना लवकरात लवकर राबवावी, जेणेकरून धोरणे अधिक अचूक ठरवता येतील. स्थानिक स्वराज्य संस्थांप्रमाणेच उच्च स्तरावरील धोरण ठरवणाऱ्या समित्यांमध्ये ओबीसी समाजाला लोकसंख्येच्या प्रमाणात प्रतिनिधित्व द्यावे स्थलांतर रोखण्यासाठी ऊसतोड कामगारांच्या मुलांसाठी हंगामी शाळा आणि त्यांच्या आरोग्यासाठी फिरते दवाखाने उपलब्ध करून द्यावेत.स्वच्छ

2. **पाणी आणि स्वच्छता–** मराठवाड्यातील दुष्काळी गावांमध्ये शुद्ध

पिण्याच्या पाण्याचे प्रकल्प प्राधान्याने राबवावेत, जेणेकरून आरोग्यावरील खर्च कमी होईल.

3. जागरूकता आणि प्रशासन – योजनांची माहिती पोहोचवणेरू ग्रामीण भागात शासकीय योजनांची माहिती देणारी विशेष यंत्रणा (उदा. माहिती केंद्र किंवा मोबाईल ?प) उभारावी.प्रशासकीय पारदर्शकतारू आरक्षणाचा लाभ घेताना येणाऱ्या अडचणी (उदा. नॉन-क्रिमिलेअर प्रमाणपत्र) कमी करण्यासाठी एक खिडकी योजना (Single Window System) सुरू करावी.या शिफारशींची अंमलबजावणी केल्यास मराठवाड्यातील ओबीसी समाजाच्या राहणीमानात आणि सामाजिक दर्जा मध्ये सकारात्मक बदल घडून येऊ शकतो.

4. आरक्षणाचे उप-वर्गीकरण (Sub Categorization)- ओबीसींमधील काही मोजक्याच जातींना आरक्षणाचा जास्त लाभ मिळत असल्याचे दिसून आले आहे. त्यामुळे ओबीसींच्या 27% कोट्याचे अंतर्गत वर्गीकरण करून अधिक मागास जातींना न्याय मिळवून देणे.

5. सरकारी सेवा आणि शैक्षणिक संस्थांमधील ओबीसींसाठी राखीव असलेल्या रिक्त जागा प्राधान्याने भरण्यासाठी 'बॅकलॉग' मोहिमा राबवणे.

6. ओबीसी विद्यार्थ्यांसाठी असलेल्या मॅट्रिकोत्तर शिष्यवृत्तीच्या रकमेत महागाईनुसार वाढ करणे आणि ती वेळेवर वितरित करणे.

7. क्रिमी लेअरची (Creamy layers) वार्षिक उत्पन्न मर्यादा वाढवणे, जेणेकरून मध्यमवर्गीय कुटुंबातील विद्यार्थ्यांना आरक्षणाचा लाभ घेता येईल.

8. प्रत्येक जिल्ह्याच्या आणि तालुक्याच्या ठिकाणी ओबीसी मुला-मुलींसाठी स्वतंत्र शासकीय वसतिगृहे बांधणे.

9. पारंपारिक व्यवसायात असलेल्या जातींसाठी (उदा. विणकर, कुंभार, सुतार) आधुनिक तंत्रज्ञान आणि बाजारपेठ उपलब्ध करून देण्यासाठी प्रशिक्षण केंद्रे सुरू करणे.

10 स्थानिक स्वराज्य संस्थांमध्ये ओबीसींचे आरक्षण कायम ठेवण्यासाठी आवश्यक 'एम्पेरिकल डेटा' (म्उचपतपबंस वंज) संकलित करणे.

निष्कर्ष – मराठवाड्यातील OBC समाज सामाजिक व आर्थिकदृष्ट्या अनेक अडचणींना सामोरे जात आहे. दुष्काळ, शिक्षणाचा अभाव, कर्जबाजारीपणा, आणि स्थलांतर यामुळे त्यांची प्रगती मर्यादित राहिली आहे. त्यामुळे या समाजाच्या सर्वांगीण विकासासाठी शिक्षण, रोजगारनिर्मिती, सिंचन सुविधा आणि शासकीय योजनांची प्रभावी अंमलबजावणी आवश्यक आहे. मराठवाड्यातील OBC समाज अनेक सामाजिक व आर्थिक अडचणींना सामोरे जात असला तरी योग्य धोरणे, शिक्षण, रोजगारनिर्मिती आणि शासकीय योजनांची प्रभावी अंमलबजावणी केल्यास या समाजाचा सर्वांगीण विकास साध्य होऊ शकतो. दुष्काळग्रस्त परिस्थिती, पावसावर अवलंबून असलेली शेती, शिक्षणाचा अभाव, कर्जबाजारीपणा आणि मोठ्या प्रमाणावर होणारे स्थलांतर यामुळे या समाजाची प्रगती मर्यादित राहिली आहे. त्याचबरोबर जातीय भेदभाव आणि अपुऱ्या आरोग्य व पायाभूत सुविधांमुळे त्यांची जीवनमानाची गुणवत्ता कमी राहते.तथापि, योग्य शैक्षणिक संधी, कौशल्य विकास, सिंचन सुविधा, स्थानिक रोजगारनिर्मिती आणि शासकीय योजनांची प्रभावी अंमलबजावणी यांद्वारे या समाजाचा सर्वांगीण विकास साधता येऊ शकतो. त्यामुळे शासन आणि समाज यांच्या संयुक्त प्रयत्नांमुळे मराठवाड्यातील ओ.बी.सी. समाज अधिक सक्षम, स्वावलंबी आणि प्रगत होऊ शकतो. मराठवाड्यातील ओबीसी समाज सामाजिक व आर्थिकदृष्ट्या मागासलेला असून दुष्काळ, शिक्षणाचा अभाव, कर्जबाजारीपणा आणि स्थलांतर या प्रमुख समस्यांना सामोरे जात आहे. पावसावर अवलंबून असलेली शेती आणि मर्यादित रोजगाराच्या संधी यामुळे त्यांची आर्थिक स्थिती कमकुवत राहिली आहे. तसेच सामाजिक स्तरावरही जातीय भेदभाव आणि अपुऱ्या सुविधा यांचा परिणाम दिसून येतो. भारतीय जातिव्यवस्था ही

ऐतिहासिकदृष्ट्या सामाजिक आणि आर्थिक विषमतेचे प्रमुख कारण राहिली असून, ओबीसी समाजाने उत्पादन व सेवा क्षेत्रात महत्त्वपूर्ण योगदान दिले असले तरी त्यांना दीर्घकाळ दुय्यम स्थानाला सामोरे जावे लागले. शिक्षण, अर्थकारण आणि सामाजिक प्रतिष्ठा या सर्व क्षेत्रांत या समाजावर मर्यादा आल्या. स्वातंत्र्यानंतर आरक्षण, विविध आयोग आणि शासकीय धोरणांमुळे ओबीसी समाजाच्या उन्नतीस चालना मिळाली, तसेच सामाजिक जागरूकता आणि राजकीय सहभाग वाढला. तरीही अंतर्गत विषमता, शिक्षणातील तफावत आणि आर्थिक अस्थिरता यांसारखी आव्हाने आजही कायम आहेत

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. वायर, ओबीसी समाज – दशा आणि दिशा आनंद क्षीरसागर श्रनसल 1, 2021
2. International Journal of Research Publication and Reviews Journal homepage: www.ijrpr.com ISSN 2582-7421
3. गोगटे श्री ब मराठवाडयातील सूची औरंगाबाद पद्मालय प्रकाशन 2001
4. कुलकर्णी भुजंगराव मराठवाड्याचा विकास अभयास व चिंतन औरंगाबाद श्रेयस प्रकाशन 1998
5. जिल्हा सामाजिक व आर्थिक समालोचन, लातूर 2022
6. महाराष्ट्राची आर्थिक पाहणी अहवाल अर्थ व सांख्यिकी संचलनालय व नियोजन विभाग मुंबई 2011-2012
8. महाराष्ट्राची आर्थिक पाहणी अहवाल अर्थ व सांख्यिकी संचलनालय व नियोजन विभाग मुंबई 2021-2022
9. बुटे नंदू समस्या व उपाय 2010 जिजाई प्रकाशन पुणे
10. इतर मागासवर्गीय आणि जनगणना – माधुरी भामरे पुणे -2016
11. ओबीसी राजकारण कृषिवल दिवाळी अंक 2012 Monday, december 3, 2012
12. ओ.बी.सी.च्या विकासासाठी घटनात्मक तरतुदी डॉ। माया मसराम गडचांदूर ISSN 2231-1629
13. म्हस्के दयाराम 2016 – महार्ष्ट्र प्रसासणात आरक्षण धोरणाची अमलबजावणी
14. यशवंत झगडे ओबीसी अस्मिता आणि समकालीन प्रश्न 2019 TISS
15. Dr. Sandeep B. Gaikwad*WAGE RATE DIFFERENCES IN MARATHWADA REGION International Journal of Education, Modern Management, Applied Science & Social Science (IJEMMASSS) 52 ISSN : 2581-9925
16. https://www.lokmat.com/mumbai/many-recommendations-of-the-cabinet-sub-committee-will-accelerate-the-resolution-of-the-issues-of-the-obc-community-a-a571/

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2025, E-Journal, Vol. I, Issue L (50), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

उदयपुर के शैव मतावलम्बीय पर्यटन स्थल

डॉ. मनोज दाधीच* कविता विश्नोई **

*** सहायक आचार्य (इतिहास) पेसिफिक सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय, PAHER विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत**
**** शोधार्थी (इतिहास) पेसिफिक सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय, PAHER विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत**

प्रस्तावना – राजस्थान राज्य के दक्षिण–मध्य भाग में अवस्थित मेवाड़ रियासत जिसे पूर्वकाल में उदयपुर राज्य और चित्तौड़गढ़ राज्य के नाम से सम्बोधित किया जाता था में आधुनिक राजस्थान के उदयपुर राजसमंद, चित्तौड़ और भीलवाड़ा जिले समाहित है। मेवाड़ रियासत को दीर्घ अवधि तक गुहिल और सिसोदिया राजवंश के शासकों ने शासित किया था।[1] मेवाड़ का धार्मिक परिदृश्य प्राचीनकाल से ही वैविध्यपूर्ण और समृद्ध रहा है। इस रियासत में हिन्दू जैन और बौद्ध धर्म का व्यापक प्रभाव रहा है। इस रियासत के आराध्य दवों में भगवान शिव और विष्णु को प्रमुखता प्राप्त है। यहाँ ही वैविध्यपूर्ण धार्मिक संस्कृति, समृद्ध, गौरवशाली और जीवंत परम्पराओं की साक्षी रही है। यहाँ के महाराणाओं ने धर्म और धार्मिक प्रभावों के सरंक्षण और संवर्द्धन में महत्तवपूर्ण भूमिका निभाई है।

धर्म समाज में व्याप्त सामाजिक, सांस्कृतिक परम्पराओं और प्रणालियों की एक विस्तृत श्रृंखला है। जिसमें विश्वास, आस्था, नैतिकता, पवित्रता, व्यवहार, प्रथाएँ और भविष्यवाणियों को उल्लेखनीय स्थान प्राप्त होता है। जो सामान्य रूप से मानव समुदाय और मानवता का अलौकिक पारलौकिक और आध्यात्मिक तत्वों से परिचित करता है।[2] यद्यपि इसके अर्थ स्वरूप पर विद्धान एक मत नहीं है, तथापि स्वीकार किया जाता है कि धर्म मानव जीवन का सर्वव्याप्त वर्तमान और भविष्य है। यह ईश्वर और आत्मा–अन्तर मत और प्राणी के मध्य शाश्वत संबंध के रूप में सदैव विद्यमान रहता है।[3] सारव्य दर्शन के अनुसार अज्ञान से ज्ञान, विवेक से धर्म का प्रार्दुभाव होता है। सामान्य शब्दों में धर्म ही मानव जीवन का आधार है। मेवाड़ रियासत में प्राचीनकाल से ही धर्म की समृद्ध परम्परा और विरासत अक्षुण्ण रही है। मेवाड़ रियासत की विशेषता यहाँ हिन्दु जैन बौद्ध और मुस्लिम धर्म के मध्य स्थित अर्न्तसंबंध है। जो प्राचीन से अर्वाचीन युग तक एक–दूसरे के साथ सह–अस्तित्व के रूप में परिलक्षित होता है। मेवाड़ की धार्मिक संस्कृति और स्वरूप का प्रारम्भ 6वीं शताब्दी में गुहिलोत राजवंश से प्रारम्भ माना जाता है।[4]

शैव धर्म की उत्पत्ति और मेवाड़ – भगवान शिव जिन्हें हिन्दु धर्म की मान्यताओं में त्रिदेवों के एक देव के रूप में प्रतिष्ठा प्राप्त हैं, हिन्दु धर्म के प्राचीनतम देवताओं में सम्मिलित माने जाते हैं।[5] जहाँ ब्रह्मा को सृष्टि का रचियता, विष्णु संचालक माने जाते है, वहीं शिव (महेश) को उसका संहारक स्वीकार किया गया है। शिव को वैदिक साहित्य में रूद्र तो तंत्र साधनाओं में भैरव के नाम से प्रतिष्ठा प्राप्त है।[6] वर्तमान जगत उन्हें महादेव, भोलेनाथ, नीलकंठ, आशुतोष, महेश, महाकाल, कपाली, रामेश्वर, रूद्र और गंगाधर जैसे नामों से सम्बोधित करता है। शास्त्रों में शिव अपने रौद्र स्वरूप और सौरभ आकृति के लिए प्रसिद्धि प्राप्त है। शिव का अर्थ कल्याणकारी स्वरूप से सम्बोधित है तथापि उन्हें लय और प्रलय के देवता के रूप में स्वीकार किया जाता है। रूद्राष्टाध्यायी के पंचम् सर्ग में आशुतोष के विविध स्वरूपों का वर्णन विस्तारपूर्वक प्राप्त होता है।[7]

हिन्दु धर्म की सांस्कृतिक–धार्मिक परम्पराओं में शिव सम्प्रदाय अथवा शैव धर्म आशुतोष भगवान शिव के पूजा–विधान की एक परम्परा है। जिसका इतिहास मूल रूप से प्राचीनकाल के पूजा अनुष्ठानों से जुड़ा हुआ है। प्राचीन भारतीय हड़प्पा सभ्यता में शिव लिंग पूजा के प्रमाण प्राप्त होते हैं। वहीं वेदों में शिव को रूद्र के रूप में प्रतिष्ठा प्राप्त है। गुप्तकाल में भी शैव मत से सम्बन्धित विभिन्न देवालयों के प्रमाण प्राप्त हुए हैं। कालान्तर में यह सम्प्रदाय अनेक वर्गों में विभाजित होता गया जिनमें पाशुपत शैव, कश्मीरी शैव और नाथ सम्प्रदाय के नाम प्रमुखता से लिए जाते हैं। इस सम्प्रदाय में योग मंत्र साधना और ध्यान को विशेष स्थान प्राप्त है। शिवत्व की प्राप्ति इस सम्प्रदाय में जीवन का पवित्र लक्ष्य स्वीकार किया जाता है। यह सम्प्रदाय मूलरूप से एकेश्वरवाद, मुक्तीमार्गी, प्रतीक पूजा और साधु परम्पराओं में विश्वास करता है। मूल रूप से भगवान आशुतोष शिव तथा उनके अवतार स्वरूपों में श्रृद्धा रखने वालों और शिव की पूजा करने वालों को शैव कहा जाता है।[8] हर्ष चरित्र में कहा गया है कि 'गृहे–गृहे अपूज्यत भगवान खण्डपरशु अर्थात् प्रत्येक घर में शिव की पूजा की जाती है। राजपूत युग में शैव धर्म समाज में विशेष रूप से लोकप्रिय और प्रतिष्ठित रहा। जिसकी पुष्टि तत्कालिन साहित्य और अभिलेखों से होती है। कई राजपूत शासक भगवान शिव के अनन्य उपासक थे, जिसमें मेवाड़ रियासत का नाम प्रमुखता से लिया जाता है। यहाँ के शासकों द्धारा शिव देवालयों का निर्माण भव्यता और प्रमुखता से करवाया गया था, जिनके प्रमाण आज भी अस्तित्व में है।

डॉ. रामधारी सिंह दीनकर के अनुसार, 'शैव सिद्धान्त में सृष्टि के परम् अध्यक्ष का नाम शिव है। वे ही चेतना के आधार और ब्रह्माण्ड में व्याप्त अनादि सत्य है। उनकी कृपा सृष्टि की पाँच प्रक्रियाओं में परिलक्षित होती है। जो सृष्टि की रचना, पालन और संहार जीव माहोच्छन्न और मुक्ति से सम्बन्धित है। शिव अपने समस्त कार्य अपनी सृष्टि के माध्यम से सम्पन्न करते हैं।'[9]

मेवाड़ में शैव सम्प्रदाय का विकास – प्राचीनयुग से ही मेवाड़ रियासत में वैदिक, बौद्ध और जैन धर्म के प्रचार–प्रसार के प्रमाण प्राप्त होते है। मेवाड़ का प्रदेश प्रकृति से सम्पन्न होने एवं अरावली पर्वतमाला की प्राचीनतम

अवस्थिति के कारण यहाँ के जनमानस को प्रकृति उपासना के लिए सदैव प्रेरित करता रहा है। फलस्वरूप थल, जल और नभ के प्रति आश्चर्य और जिज्ञासापूर्ण आस्था विश्वास और स्नेह का माध्यम इनकी पूजा उपासना और धार्मिक अनुष्ठान का उल्लेखनीय कारण बना। जिससे यहाँ के जनजीवन में लौकिक आध्यात्म के भाव लौकिक धर्म का साधन और साधना के स्वरूप से दृष्टिगत होने लगा। जो आज भी मेवाड़ परिक्षेत्र में प्रचलित प्रकृति पूजन में परिलक्षित होता है। यह एक प्रकार से मातृ-पूजन (पोषण आस्था) का सूचक है।

मेवाड़ परिक्षेत्र में आदिदेव महादेव और उसकी शक्ति का पूजन मातृशक्ति के रूप में उदित हुआ था। इतिहास में इसका प्रथम उल्लेख 483 ई. के छोटी सादड़ी के लेख में अर्द्धनारीश्वर के रूप में प्राप्त होता है। लेख से ज्ञात होता है कि मेवाड़ क्षेत्र में धर्म का प्रारम्भ शिव तथा शक्ति के माध्यम को धारण किये हुआ था। इसका प्राचीनतम रूवरूप शिवलिंग और जलधारी को धारण किये दिखाई देता है। इस रियासत के आराध्य देव श्री एकलिंग जी को माना जाता रहा है। यहाँ शैव मत के पाशुपत दर्शन के लकुलीश-सम्प्रदाय का विकास उल्लेखनीय रूप से हुआ था। इसके अन्य केन्द्रों में चित्तौड़गढ़ जिले में स्थित मेनाल का नाम उल्लेखनीय रूप से लिया जाता है।[10] मेवाड़ का प्राचीन नाम शिवि जनपद हुआ करता था। नवीं और आठवीं शताब्दी के पुरातात्विक प्रमाण यहाँ शिव पूजा की प्राचीनता के परिचायक है।[11] मेवाड़ के शासक स्वयं को शैव पूजक स्वीकार करते रहे है। उदयपुर से 18 किलोमीटर दूर स्थित कैलाशपुरी क्षेत्र यहाँ के शैव मतावलम्बियों का प्रमुख केन्द्र है। जो एकलिंगेश्वर के नाम से प्रसिद्ध है।[12] मेवाड़ रियासत के शासक श्री एकलिंग जी को अपना महाराणा और स्वयं को उनका दीवान मानते आये है।[13] मेवाड़ में शैव सम्प्रदाय का पाशुपात सम्प्रदाय अधिक विकसित हुआ। इस सम्प्रदाय के प्रवर्तक लकुलीश को माना जाता है, जो भगवान शिव के 28 वें तथा अन्तिम अवतार के रूप में स्वीकार किये जाते हैं। मेवाड़ के हरित ऋषि इसी सम्प्रदाय से सम्बन्धित स्वीकार किये जाते हैं। मेवाड़ रियासत में स्थित एकलिंगनाथ जी का मन्दिर जिसका निर्माता बप्पारावल को माना जाता है, इस सम्प्रदाय का मुख्य मन्दिर है।[14]

मेवाड़ के प्रमुख शैव मतावलम्बीय पर्यटन स्थल – मेवाड़ के जनजीवन में धर्म का महत्वपूर्ण स्थान रहा है। यहाँ के शासक धर्म की रक्षा के लिए प्राणोत्सर्ग करने को सदैव तत्पर रहे हैं। मेवाड़ परिक्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में भिन्न-भिन्न देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना प्राचीन युग से विद्यमान रही है। 8 से 12वीं शताब्दी तक इस क्षेत्र में ब्रह्मा और सूर्य की उपासना भी लोकप्रिय थी किन्तु बाद के काल में यहाँ शिव, शक्ति, विष्णु और विष्णु के अवतारों के रूप में राम-कृष्ण की पूजा और भक्ति साधना का प्रचलन भी प्रारम्भ हुआ। मेवाड़ परिक्षेत्र में शिव का पूजन अर्द्धनारीश्वर स्वरूप में किया जाता रहा है। यहाँ शैव सम्प्रदाय के लकुलीश और पाशुपत सम्प्रदाय अत्यन्त लोकप्रिय रहे।[15]

एकलिंग जी का मंदिर – उदयपुर शहर से लगभग 20 किलोमीटर दूर मेवाड़ महाराणाओं के इष्टदेव एकलिंग जी का धार्मिक स्थल दो पहाड़ियों के मध्य कैलाशपुरी ग्राम में अवस्थित है। इसे शैव सम्प्रदाय के अनुसार लकुलीश मंदिर के रूप में मान्यता प्राप्त है। आठवीं शताब्दी में इस महादेव मंदिर का निर्माण मेवाड़ के तात्कालिन शासक बप्पा रावल द्वारा करवाया गया था। इस मंदिर के चारों और सुदृढ़ प्राचीर और स्थापत्य शिल्प की सुन्दर कारीगरी से युक्त परकोटे का निर्माण महाराणा मोकल के शासनकाल में करवाया गया था। जबकि महाराणा रायमल के समय इस मंदिर ने अपना वर्तमान स्वरूप ग्रहण किया था। मंदिर के गर्भगृह में श्वेत रंग के पाषाण से निर्मित भगवान आशुतोष श्री एकलिंगनाथ की चर्तुमुखी प्रतिभा शोभायमान है। गर्भगृह के बाहर स्थित दो पाषाण पट्टिकाऐं एकलिंग और सहायक देवताओं की सुन्दर आकृतियों से सुसज्जित है। यहाँ बनी विविध आलों (तबारियों) में विविध हिन्दु देवी-देवताओं की प्रतिमाऐं अवस्थित है, जिनमें गणेश, शिव, विष्णु, ब्रह्मा, कार्तिकेय आदि के नाम उल्लेखनीय है। एकलिंग जी मंदिर के परिसर में कई छोटे-बड़े हिन्दु धर्म के अन्य देवालय भी अवस्थित है, जिनमें महाराणा कुम्भा द्वारा निर्मित विष्णु मंदिर उल्लेखनीय है, जिसे स्थानीय लोग मीराबाई का मंदिर नाम से भी सम्बोधित करते है। मान्यता है कि राजस्थान में यह मंदिर पाशुपत सम्प्रदाय का एक मात्र स्थान है।[16]

भगवान एकलिंगनाथ का यह मंदिर मेवाउ में धार्मिक ऐतिहासिक, राजनैतिक, प्राकृतिक और नैसर्गिक दृश्यों के कारण पर्यटन की दृष्टि से उल्लेखनीय है। मेवाड़ परिक्षेत्र के पौराणिक ग्रंथों में मंदिर के निर्माण और इतिहास से सम्बन्धित कई रोचक कथाओं के वृत्ताान्त मिलते है। यह मंदिर शिखबन्ध, सुदृढ़, सुन्दर, श्वेत पाषाण से निर्मित है, यहाँ की प्राचीन लिंगाकार प्रतिमा यवनों के आक्रमणों के समय इन्द्रसरोवर में विसर्जित कर दी गई थी। तत्पश्चात् यहाँ काले संगमरमर की चतुमुर्खी प्रतिमा की स्थापना की गई जो वर्तमान तक अस्तित्व में है। इस प्रतिमा के चतुर्मुखी स्वरूप का पूजन पूर्व में सूर्य, पश्चिम में ब्रह्म दक्षिण में रूद्र (भैरव) और उत्तार में विष्णु स्वरूप मानकर किया जाता है। मंदिर के गर्भगृह के चार द्वार चारों दिशाओं में अवस्थित है।[17]

मंदिर के पूर्वी प्रवेश द्वार के निकट गर्भगृह में पार्वती, गणेश, कार्तिकेय और गंगा माता की प्रतिमाऐं स्थित है। मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार रजत (चाँदी) से निर्मित है, जिस पर सुन्दर नक्काशी का बेलबुटेदार कार्य परिलक्षित होता है। प्रवेश द्वार के दोनों ओर पितृ भक्ति का आदर्श स्थापित करते हुए भगवान गणेश और कार्तिकेय हाथों में चंवर लिए हुए प्रतिमाओं के रूप में अंकित है। गर्भगृह के बाहर एक बड़ा सभामण्डप बना हुआ है यहीं से पर्यटक और श्रृद्धालु आशुतोष भगवान एकलिंग जी के दर्शन करते है। सभा मण्डप में मध्य भाग में रजत, पीतल और पाषाण निर्मित तीन नन्दकेश्वर प्रतिमान क्रम से बनी हुई है।[18]

मंदिर के बाहर की ओर दक्षिण द्वार के निकट कुछ ऊपरी भाग में माता, अम्बिका, कालिका और गणेश के वि.सं. 1890 में निर्मित देवालय अवस्थित है। मंदिर परिसर में छोटे-बड़े लगभग 70 देवालय स्थित है। मंदिर के पिछले भाग में मेवाउ के प्रमुख ऋषि हारित की गुफा और प्रतिमा स्थित है। जिसके निकट ही विन्धवासिनी देवी और भैरवनाथ की प्रतिमाऐं दर्शनीय है।[19]

एकलिंग जी मंदिर से कुछ दूरी पर पहाड़ी के ऊपरी भाग में नैत्रय कोण में बाघेला सरोवर, बाघसिंह का स्मारक और अतिप्राचीन विष्णु और शिव के देवालय स्थित है, जो दर्शनीय है। यही निकट स्थित एक जैन देवालय जिसे अद्भुतनाथ जी (अदबदनाथ) के नाम से सम्बोधित किया जाता है, पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र है। यह मंदिर ओसवाल सारंग द्वारा महाराणा कुम्भा के शासनकाल 1437 ई. में बनवाया गया था। जिसमें 16वें तीर्थंकर शान्तिनाथ जी की नौ फीट ऊँची प्रतिमा अवस्थित है। इसके निकट ही खुमाण रावल के देवरे के नाम से एक अन्य स्मारक बना है जो ध्वत स्थिति में है। इसकी तक्षण कला पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र है। इस प्रकार

कैलाशपुरी क्षेत्र (मेवाड़) में अवस्थित एकलिंग जी मंदिर अतिप्राचीन अद्भुत स्थापत्य शिल्प और नैसिर्गिक सुन्दरता से युक्त है जो पर्यटकों के साथ-साथ इतिहास प्रेमियों को अपनी ओर आकर्षित करता है।[20]

उभयेश्वर महादेव मंदिर – अरावली पर्वत श्रृंखला में स्थित यह प्राचीन शिव मंदिर जिसे मेवाड़ का बद्री विशाल नाम से सम्बोधित किया जाता है, गोगुन्दा गाँव से 20 मील दक्षिणपूर्व और कमलनाथ से उत्तारपूर्व दिशा में 20 मील की दूरी पर स्थित है। यह मंदिर उदयपुर जिले की धार पंचायत समिति का प्रमुख पर्यटन स्थल है। जिसकी उदयपुर जिले से अनुमानित दूरी 25 किलोमीटर है। नैसर्गिक सौन्दर्य और प्राकृतिक रमणीयता के मध्य स्थित श्री उभयेश्वर महादेव मंदिर का शिवलिंग स्वयंभू माना जाता है। यह मंदिर और इसमें प्रतिष्ठित प्रतिमा पाँच स्थानों से खण्डित है। मेवाड़ परिक्षेत्र के शिव मंदिरों में यह एक ऐसा मंदिर है, यहाँ खण्डित शिवलिंग की पूजा अर्चना श्रृद्धा के साथ की जाती है। यहाँ स्थित एक फिट की ऊँचाई लिए यह लिंग मध्यवर्ती भाग से खण्डित अवस्था में है। इसके खण्डित होने के पीछे क्षेत्रीय मान्यता है कि मुगल आक्रमण के समय मेवाड़ महाराणा द्वारा उभयेश्वर महादेव से रक्षार्थ प्रार्थना की गई थी, जिसमें शिव के चमत्कार से शिवलिंग के मध्यवर्ती भाग से हजारों की संख्या में भँवर निकले फलत: मुगल सेना भँवरों के आतंक से त्रस्त होकर अपना अस्त्र-शस्त्र रसद छोड़कर भाग गई। मंदिर से लगभग 200 मीटर की दूरी पर सुन्दर सरोवर और झरना विद्यमान है, जो पर्यटकों के आकर्षण का प्रमुख केन्द्र है। पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण इस सरोवर में वर्ष पर्यन्त जल भरा रहता है।[21]

इस मंदिर के सम्पूर्ण विकास का दायित्व मुनिदाता को समर्पित था। कुछ समय पूर्व इसके विकास का उत्तारदायित्व मेवाड़ कॉम्पलेक्स द्वारा ले लिया गया था। जिसने इस स्थल के पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में पहल करते हुए यहाँ माता वैष्णोदेवी का मंदिर निर्मित करवाया, जिससे उभयेश्वर मंदिर सहित माता का मंदिर भी मेवाड़ का प्रमुख धार्मिक और पर्यटक स्थल बन गया। यहाँ वर्ष पर्यन्त देशी-विदेशी पर्यटकों की आवाजाही बनी रहती है।[22]

वैद्यनाथ मंदिर (सीसारमा) – उदयपुर के निकट स्थित सीसारमा गाँव में भगवान वैद्यनाथ महादेव का पंचायतन शैली में बने मंदिर का निर्माण महाराणा संग्राम सिंह की माता श्री देवकुमारी द्वारा करवाया गया। इस मंदिर की प्रतिष्ठा 6 जनवरी, 1716 ई. को सम्पन्न हुई थी। यह मंदिर 3 से 4 फिट ऊँचे वृत्ताकार आंगन पर स्थित है। मंदिर के ऊर्ध्वाकार निर्माणों में शास्त्रों में वर्णित स्थापत्य शिल्प के नियम-विधानों का पूरा-पूरा ध्यान रखा गया है। यहाँ के ऊर्ध्वाकार निर्माणों में जंघा, प्रहारस्तर, कपोतावली, मंजरी, शिखर, विस्तृत आमलकसार लघु आमलकसार, कलशाण्डक, ध्वजादण्ड, घंटिया त्रिशुल और ध्वजा निर्मित है। सभामण्डप के अग्रभाग पर स्तम्भ युक्त परिसज्जा के साथ-साथ नृत्यमण्डली प्रदर्शित करती प्रतिमाऐं प्रदर्शित की गई है जो स्थापत्य शिल्प की अनूठी विरासत है। गर्भगृह के मध्य भाग में चर्तुमुखी शिवलिंग प्रतिष्ठित है। गर्भगृह की छत वृत्ताकार आकृति लिये हुए है। मंदिर के प्रवेशद्धार पर सिंह मुख की आकृतियाँ अवस्थित है। इसके स्तम्भों पर बेलबुटियाँ, देवी-देवता, द्धारपाल, पुष्प स्वास्तिक जैसी कई आकृतियाँ निर्मित है। इस पंचायतन शैली में निर्मित मंदिर में शिव परिवार, ब्रह्मा, भैरव और लक्ष्मीनारायण भगवान की प्रतिमाऐं प्रतिष्ठित है। देवालय के बाहरी हिस्से में बना तोरणयुक्त तुलादान स्थल अत्यन्त सुन्दर शिल्प कला को प्रदर्शित करता है। मंदिर के बाहर के आंगन में एक सुन्दर कुण्ड भी विद्यमान है।[23]

गुप्तेश्वर महादेव मंदिर – राजस्थान के मेवाड़ परिक्षेत्र में जहाँ कहा जाता है कि यहाँ का कंकर-कंकर शंकर है में स्थित तितरड़ी गाँव में उदयपुर के अमरनाथ के नाम से सम्बोधित किया जाने वाला श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर अरावली पर्वत श्रृंखला की पहाड़ियों में स्थित है। इस पहाड़ी क्षेत्र को स्थानीय भाषा में होड़ा पर्वत के नाम से पहचाना जाता है। क्षेत्र में प्रचलित मान्यता के अनुसार इस मंदिर में मेवाड़ महाराणा प्रताप द्धारा भी पूजा-अर्चना की जाती थी। आशुतोष भगवान गुप्तेश्वर की मूल प्रतिमा होड़ा पर्वत की एक सर्पिलाकार गुफा में स्थित है। प्राचीन युग में इस गुफा को सुआ गुफा के नाम से पहचाना जाता था। होड़ा पर्वत पर स्थित सुआ गुफा कई तेजस्वी संतों यथा - फूलनाथ जी, बृजकिशोर जी, फलाहारी बाबा आदि की तपोस्थली रही है। गुप्तेश्वर महादेव मंदिर तितरड़ी का जीर्णोद्धार स्थानीय समुदाय के सहयोग से श्री बृजबिहारी जी द्धारा यहाँ मूल मंदिर में शिव परिवार और सुआ गुफा के बाहर हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न करवायी गई। उन्हीं के आदेश पर तितरड़ी गाँव के स्थानीय निवासियों द्धारा मंदिर में मुलभूत आवश्यकता की विविध सामग्रीयों की व्यवस्था करवाई जिनमें जलकुण्ड, बर्तन भंडार, भोजनशाला, जल हेतु टंकियो की व्यवस्था, दो मंजिला आश्रम भवन, ट्यूबवेल आदि उल्लेखनीय है। यहाँ की प्राकृतिक रमणियता देशी-विदेशी पर्यटकों और प्रकृति प्रेमियों को अनायास ही अपनी ओर आकर्षित करती है। सावन और भाद्रपद माह में यहाँ सदैव मेले जैसे माहौल बना रहता है। धार्मिक पर्यटन में रूचि रखने वाले व्यक्तियों के लिए मेवाड़ का उक्त मंदिर विशेष रूप से उल्लेखनीय है।[24]

झामेश्वर महादेव (झामर कोटड़ा) – अरावली पर्वत श्रृंखला की उत्पतयकाओं में उदयपुर जिला मुख्यालय से लगभग 25 किलोमीटर की दुरी झामर कोटड़ा माईन्स के निकट झामरी नदी के तटीय प्रदेश में स्थित झामेश्वर महादेव नामक धार्मिक स्थल सैलानियों के आकर्षण का मुख्य केन्द्र है। यहाँ चारो ओर पहाड़ियों और कलकल करती नदी के निकट स्थित एक पहाड़ी कंदरा में भगवान झामेश्वर की स्वयंभू प्रतिमा अवस्थित है। यहाँ की एक मुख्य विशेषता प्राकृतिक जल से भगवान का सदैव होने वाला अभिषेक है जो गुफा की चट्टानों से स्वत: ही प्रस्फुटित होता रहता है। यह मंदिर स्थानीय लोगों सहित सैलानियों की धार्मिक आस्था का प्रधान केन्द्र है। पहाड़ियों से उत्पन्न जलप्रपात बहती नदी की धारा प्राकृतिक जीवों का विचरण और नैसर्गिक सौन्दर्य इस मंदिर को विशिष्ट बनाता है। वर्षा ऋतु में यहाँ का दृश्य देखते ही बनता है। यह क्षेत्र अपनी भौगोलिक और भौतिक सरंचना चट्टानों के लिए भी प्रसिद्ध है। कई विदेशी अध्येता यहाँ शोधकार्य करने आ चूके है। इस स्थल को क्षेत्रीय लोग जुंबक ऋषि की तपोभूमि स्वीकार करते है। झामेश्वर महादेव परिसर में प्रतिवर्ष वैशाख पूर्णिमा पर विशाल मेला भरता है जो किसी आदिवासी कुम्भ मेले जैसा प्रतीत होता है। इस मेले में वनवासी लोग रंग-बिरंगी पताकाऐं लेकर आते है और सम्पूर्ण रात्रि भगवान शिव की पूजा अर्चना भजन गुणगान करते है। मान्यता है कि यहाँ भगवान शिव भक्तों की हर मनोकामना को पूर्ण करते हैं।[25]

मंदिर परिसर के बाहरी भाग में एक गोमुख निर्मित है जिससे अनवरत् जलधारा बहती रहती है। यही जल भगवान के अभिषेक और पूजन में भी प्रयुक्त होता है। गोमुख के सामने एक छोटा सा आश्रम बना है जो मूल रूप से संतो की धूणी है। यही पास में राम भक्त हनुमान का छोटा किन्तु सुन्दर मंदिर भी स्थित हैं। पर्यटकों की सुविधा के लिए यहाँ की मंदिर ट्रस्ट द्धारा कई

धर्मशालाओं, पटसालों, चबुतरों का निर्माण भी करवाया गया है। मंदिर से लगभग 400 मीटर की दूरी पर एक प्राकृतिक झरना अवस्थित है। कुल मिलाकर यह मंदिर धार्मिक आस्था के साथ-साथ उदयपुर जिले का मुख्य पर्यटक स्थल (पिकनिक स्पॉट) के रूप में विख्यात हो चुका है। जहाँ मेवाड़ परिक्षेत्र के लोग प्राय: विविध धार्मिक आयोजनों के उद्देश्य से प्राय: एकत्रित होते रहते हैं।[26]

अमरख जी महादेव – उदयपुर-नाथद्वारा मार्ग पर शहर से लगभग 8-10 किलोमीटर की दूरी पर अरावली पर्वतमाला में स्थित चिरवा पहाड़ी की तलहटी में अमरख जी महादेव का मंदिर अवस्थित है। चिरवा घाटी के मार्ग पर यह मंदिर नेशनल हाईवे से 2 किलोमीटर अन्दर की ओर है। यह दो किमी का घुमावदार मार्ग पर्यटकों को प्राकृतिक रमणीयता का पूरा आनन्द प्रदान करता है। मंदिर परिसर के बाहरी भाग में सामान्य से कुछ ऊँची भूमि पर एक जलकुण्ड विद्यमान है, जिसे माँ गंगा कुण्ड के नाम से सम्बोधित किया जाता है। इस कुण्ड के निर्मल जल की यह विशेषता है कि अथाह गर्मी और अकाल में भी इसका जल नहीं सूखता है। वर्ष पर्यन्त इसका जल बहता रहता है। यही कुण्ड के निकट छोटी पहाड़ी पर बाबा अमरख महादेव का अतिप्राचीन मंदिर स्थित है। जिसमें अमरख महादेव का सफेद संगमरमर चतुर्भुज शिवलिंग प्रतिष्ठित है। इस मंदिर के निकट विशाल नन्दी की श्वेत प्रतिमा भी दर्शनीय है। मूल देवालय के पास ही दो अन्य मंदिर भी निर्मित है जिनमें माँ शक्ति भगवान कार्तिकेय और गणेश की प्रतिमाऐं स्थापित है। मंदिर का इतिहास लगभग 2500 वर्ष प्राचीन माना जाता है जिसका प्रमाण यहाँ लगे शिलालेख से प्राप्त होता हैं। मंदिर के निकट ही संतो का आश्रय स्थल भी बना हुआ है। इस मंदिर की स्थापत्य और वास्तुकला मेवाड़ की शिल्पकला की विशेषताओं को उजागर करती है। यही पहाड़ी के नीचे की ओर एक और छोटा शिव मंदिर भी स्थित है, जिसमें भगवान शिव अपने परिवार सहित विराजित है। शिव मंदिर परिसर में ही रामभक्त हनुमान की प्रतिमा भी स्थापित है। इस मंदिर के ठीक बाहर की और सदा नीरा माँ गंगा की जलधारा बहती रहती है। यही विविध धार्मिक क्रियाकलापों और अनुष्ठानों के लिए हवनकुण्ड और अन्य व्यवस्थाऐं भी विद्यमान है।[27]

केदारनाथ मंदिर (उदरी गाँव) – उदयपुर जिले की नाई ग्राम पंचायत में स्थित उदरी गाँव एक अतिप्राचीन शिव मंदिर स्थित है, जो लोगों की धार्मिक आस्था और विश्वास का मुख्य केन्द्र है। जिसे उन्दरी गाँव का केदारनाथ मंदिर के नाम से सम्बोधित किया जाता है। यह मंदिर अरावली पर्वत श्रृंखला की एक ऊँची पहाड़ी पर स्थित है। इसके चारों ओर पहाड़ी परिक्षेत्र में छोटे-छोटे ग्यारह अन्य शिव मंदिर भी बने हुए है जो इसके परिक्रमा मार्ग में आते है। क्षेत्रीय लोग इन मंदिरों को 12 ज्योर्तिलिंग की साम्यता प्रदान करते है। इस मंदिर परिक्षेत्र में प्रतिवर्ष शिवरात्रि पर्व पर विशाल मेले का आयोजन किया जाता है, जिसमें श्रृद्धालू दूर-दूर के क्षेत्रों से आते है।[28]

पशुपतिनाथ महादेव (धोलागढ़ झल्लारा) – उदयपुर जिले की झल्लारा पंचायत समिति में स्थित गाँव धोलागिर में पशुपतिनाथ महादेव का अति प्राचीन मंदिर कनेर के निकट धौलागढ़ पर्वत की तलहटी में अवस्थित है। यहाँ भगवान महादेव अष्टमुखी स्वरूप में विराजमान है। क्षेत्रीय मान्यता के अनुसार यह अष्टमुखी मुखारविन्द विश्व का सबसे बड़ा शिवलिंग है। जिसकी ऊँचाई लगभग सवा नौ फिट के आस-पास मानी जाती है। इस प्रतिमा से पूर्व मध्यप्रदेश के मन्दसौर के पशुपतिनाथ की प्रतिमा 7¼ फीट और नेपाल के पशुपतिनाथ की प्रतिमा 5½ फीट सबसे बड़ी प्रतिमाओं में गिनी जाती थी। धोलागढ़ के इस अष्टमुखी शिवलिंग की प्रधान विशेषता इसका आठ रूपों वाला स्वरूप है। जिसमें चार रूप ऊपर और चार रूप प्रतिमा के निचले भाग में विद्यमान है। यह मंदिर समुद्रतल से लगभग 1600 फीट की ऊँचाई पर स्थित है। इस मंदिर का निर्माण रूद्रवाहिनी संघ के महंत योगी प्रकाशनाथ के सानिध्य में सम्पन्न हुआ है। यह मंदिर अरावली की रमणीय घाटियों में बना है जो पर्यटकों का मन मोह लेती है। प्रत्येक ऋतु में यहाँ का प्राकृतिक नजारा अलग-अलग परिदृश्य प्रस्तुत करता है। क्षेत्रीय मान्यता है कि लोक संत मावजी द्वारा चोपड़ा की रचना भी इसी धोलागढ़ पर्वत पर की गई थी। यहाँ रूद्र वाहिनी संघ के महंतो की धूणी और आश्रम भी विगत 12 वर्षो से विद्यमान है। यद्यपि यह मंदिर अत्यन्त विकट मार्ग पर स्थित है। जहाँ पहुँचने के लिए 2-3 घण्टे की चढ़ाई चढ़नी पड़ती है तथापि प्रकृति प्रेमियो, धार्मिक आस्था वाले लोगों और पर्यटकों को यह बाधाऐं रोकने में असमर्थ है, यहाँ बड़ी संख्या में पर्यटकों का आवागमन होता रहता है।[29]

नान्देश्वर जी महादेव – उदयपुर जिले की नाई ग्राम पंचायत में स्थित श्री नान्देश्वर महादेव मंदिर ना केवल धार्मिक अपितु अपने पौराणिक महत्तव के कारण भी विशेष महत्तव रखता है। इस मंदिर के प्राचीन समय में नारदेश्वर के नाम से जाना जाता था। उदयपुर जिला मुख्यालय से लगभग 20 किमी दूर स्थित इस मंदिर के सम्बन्ध में कहा जाता है कि स्वयं महर्षि नारद द्वारा यहाँ तपस्या की गई थी। इस मंदिर में प्राकृतिक वातावरण के मध्य एक स्वयंभू शिवलिंग विद्यमान है। जिसकी पूजा अर्चना सदियो से होती आ रही है।

मंदिर के इतिहास के संदर्भ में मान्यता है कि इसका जीर्णोद्धार मेवाड़ महाराणा कर्ण सिंह के शासनकाल में वि.सं. 1684 के आसपास किया गया था। तत्पश्चात यहाँ की व्यवस्थाऐं संत गिरी द्वारा की गई। मंदिर परिसर में एक अत्यन्त मनमोहक कुण्ड भी बना है, जिसका जल कभी समाप्त नहीं होता है। क्षेत्रीय मान्यता है कि इसके जल से विविध प्रकार की व्याधियों का शमन होता है। यहाँ के पुजारी श्री विनोद जी के अनुसार नारद ऋषि ने अपने श्राप से मुक्ति के लिए इस स्थान पर तपस्या की थी। यहाँ प्रत्येक सोमवार महाशिवरात्रि और सावन माह में बड़ी संख्या में श्रृद्धालु और पर्यटक दर्शनार्थ आते रहते हैं।[30]

नान्देश्वर मंदिर का हरियाली और नैसर्गिक सुन्दरता से युक्त वातावरण इसे एक तीर्थ क्षेत्र के समान स्थान प्रदान करवाता है। यहाँ का माहौल अत्यन्त शांत और आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण जान पड़ता है। यह मंदिर अद्भुत स्थापत्य शिल्प का नमूना भी माना जाता है। जिसके प्रवेश द्वार पर दो हाथी खड़े हुए है। मंदिर परिसर में ही यहाँ तपस्या करने वाले तीन संतो की जीवित समाधियाँ भी विद्यमान है। जो संत राजगिरी और संत अमरगिरी बर्फानी की बताई जाती है। जो क्रमश: 1964 और 2009 में इन संतो के जीवित समाधि लेने पर बनाई गई थी। मंदिर परिसर में ही भगवान राम-लक्ष्मण और माता सीता का एक अन्य मंदिर और एक अन्य शिवालय भी स्थित है।[31]

मंदिर के निकट आरण्य पर्वत अवस्थित है, जहाँ सोमवती अमावस्या को 12 कोसी परिक्रमा का आयोजन किया जाता है। जो क्षेत्रवासियों में विशिष्ट महत्त्व रखती है। यह परिक्रमा नान्देश्वर मंदिर से प्रारम्भ होकर केदारनाथ मंदिर उन्दरी गाँव सहित बारह ज्योर्तिलिंगों से होती हुई पुन: नान्देश्वर मंदिर पर समाप्त होती है। यही मंदिर के निकट एक छोटी सुन्दर झील भी बनी है, जिसे नान्देश्वर चैनल के नाम से पहचाना जाता है। यह झील सीसारमा नदी के माध्यम से उदयपुर की पिछोला झील को जल पहुँचाती

है। इस क्षेत्र में अवस्थित यह झील और सीसारमा नदी यहाँ पर्यटकों के आकर्षण का मुख्य केन्द्र है।[32]

कमलनाथ महादेव – राजस्थान के उदयपुर जिले में 80 किमी दूर झाड़ोल पंचायत समिति के आवरगढ़ की पहाड़ियों में स्थित यह एक अत्यन्त प्राचीन शिव मंदिर है। जिसे स्थानीय लोग कमलनाथ महादेव के नाम से संबोधित करते है। इस मंदिर के संदर्भ में पुराणों में आख्यान मिलता है कि इस मंदिर की स्थापना स्वयं लंकापति रावण द्वारा की गई थी, यहाँ शिव से पहले रावण की पूजा का विधान भी देखने को प्राप्त होता है। मंदिर के नामकरण के संदर्भ में क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि रावण द्वारा भगवान शिव को 108 कमल पुष्प अर्पित करने का प्रण लिया गया था किन्तु पूजा में एक पुष्प कम होने पर रावण ने अपना शीश भगवान शिव को समर्पित कर दिया था। जिससे प्रसन्न होकर आशुतोष महादेव शिव ने रावण की नाभि में अमृत कुण्ड स्थापित किया था और उसे दस शीशों का वरदान भी दिया। यहाँ स्थित शिवलिंग के संदर्भ में एक मान्यता यह भी है कि एक ग्वाले की गाय प्रतिदिन शिवलिंग पर स्वत: ही दूध चढ़ाती थी जब ग्वाले ने यह क्रिया प्रतिदिन देखी तो क्रोधित होकर उसने शिवलिंग पर कुल्हाड़ी से वार किया जिससे यह मध्य भाग से कट गया तभी से यहाँ खण्डित शिवलिंग को पूजा जाता है। मंदिर में एक गोमुख बना है, जिससे सदा जलधारा बहती रहती है। यहाँ आदिवासी समुदाय के लोग वैशाख माह में पूर्वजों की अस्थियों को विसर्जित करने आते हैं अत: इसे आदिवासियों का हरिद्वार भी क्षेत्रीय जनता द्वारा कहा जाता है।

अरावली पहाड़ियों की गोद में स्थित इस मंदिर तक जाने के लिए पर्यटकों को 3 किलोमीटर का पैदल यात्रा तय करना पड़ता है। उनकी यह पैदल यात्रा जहाँ रोमांचक है वहीं प्रकृति को निकट से देखने का अनोखा अनुभव भी प्रदान करती है। इस पैदल मार्ग के मध्य भाग में भगवान शनिदेव का मंदिर भी अवस्थित है। इस स्थान का ऐतिहासिक महत्तव महाराणा प्रताप की शरण स्थली होने के कारण भी है। क्षेत्र में प्रचलित किवंदतियों के अनुसार अपने मेवाड़ निर्वासन काल में महाराणा प्रताप द्वारा 1577 ई. में यहाँ होली जलाने की रस्म अदा की गई थी। तभी से आदिवासी समुदाय प्रतिवर्ष यहाँ होली जलाने की परम्परा को सम्पन्न करता आ रहा है। मान्यता है कि मंदिर में शिव पूजन से पहले यदि रावण की पूजा नहीं कि जावे तो सम्पूर्ण पूजा-अर्चना व्यर्थ चली जाती है।[33]

कुकड़ेश्वर महादेव – उदयपुर जिला मुख्यालय से 12 किलोमीटर की दूरी पर लखावली गाँव में स्थित अरावली पर्वत श्रृंखला की तलहटी में चारों ओर से पहाड़ियों के मध्य कुकड़ेश्वर महादेव मंदिर स्थित है। जो पर्यटन और धार्मिक विश्वास का अद्धितीय संगम है। क्षेत्रीय मान्यता के अनुसार यह मंदिर लगभग 580 वर्ष प्राचीन माना जाता है जहाँ किसी समय में मेवाड़ महाराणा प्रताप द्वारा अपना निर्वासित जीवन व्यतीत किया गया था। क्षेत्र में मान्यता है कि महाराणा प्रताप के निर्वासन काल में महाराणा प्रताप एक मंदिर में विश्राम कर रहे थे तभी मुगलों ने उन पर हमला कर दिया। इस समय एक मुर्गे ने बांग देकर प्रताप को निन्द से जगाया था। तभी से यह मंदिर कुकड़ेश्वर महादेव के नाम से सम्बोधित किया जाने लगा क्योंकि मेवाड़ में स्थानीय भाषा में मुर्गे का कुकड़ा कहा जाता है। प्रारम्भिक स्तर पर यहाँ प्रकट हुए शिवलिंग मुर्गे के अण्डे के आकार के थे। जो संख्या में पाँच एक साथ बताये जाते है। वर्तमान में प्राकृतिक हलचलों के साथ-साथ ये आकार में बढ़ते प्रतीत होते है। मंदिर परिसर के सम्मुख एक नाला बहता है, जिसका जल कभी समाप्त नहीं होता है। इसी के जल से भगवान शिव का नित्य अभिषेक होता है। मंदिर परिसर में भगवान गणेश, कार्तिकेय, माता पार्वती और हनुमान की प्रतिमाऐं भी अवस्थित है। यहाँ प्रतिवर्ष सावन के सोमवार, शिवरात्रि और गुरू पूर्णिमा पर मेला लगता है। मंदिर परिसर में साधु संतो की धूणी भी विद्यमान है। यहाँ की पूजा-अर्चना का दायित्व संत श्री मोहन गिरी द्वारा सम्पन्न किया जाता था। मंदिर परिसर में पर्यटकों के आराम हेतु कुछ कक्ष, भोजनशाला आदि की व्यवस्था विद्यमान है। मंदिर के पीछे की ओर कुछ दूरी पर साधु सन्यासियों की समाधियाँ भी बनी हुई है। अपनी प्राकृतिक मनमोहक छटाओं के कारण यह स्थल स्थानीय और विदेशी पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र है।[34]

कुण्डेश्वर महादेव – उदयपुर जिला मुख्यालय से 32 किमी की दूरी पर मेवाड़ परिक्षेत्र में स्थित कुण्डेश्वर महादेव धार्मिक स्थलों में सम्मिलित है। मान्यता है कि यह मंदिर कई सौ वर्षो प्राचीन है। मंदिर के परिसर में एक शिलालेख लगा है जो 2000 वर्ष पूर्व यहाँ परमार शासकों के शासन होने का प्रमाण प्रदान करता है। यह स्थल पूर्वकाल में कई साधु सन्यासियों और तपस्वियों की पुण्य स्थली का साक्षी है। मूलत: मेवाड़ के कुण्डा ग्राम में स्थित होने के कारण इसे कुण्डेश्वर महादेव के नाम से सम्बोधित किया जाता है। मंदिर तक पहुँचने के लिए घसियार स्थित श्रीनाथ मंदिर के ठीक सामने से एक पक्का सड़क मार्ग बना हुआ है। जो अरावली की सुन्दर पहाड़ियों से होकर गुजरता है। जिसके मार्ग में कई स्थानीय गाँव बसे है, जो ग्रामीण जीवन की झाँकी प्रस्तुत करते है। मंदिर के गर्भगृह में विशाल शिवलिंग और नंदी बाबा स्थापित है। जीर्णोद्धार के कारण यह मंदिर अपनी प्राचीनता खो चुका है। यहाँ की उल्लेखनीय बात यह है कि सम्पूर्ण मंदिर एक ही बरगद के वृक्ष के नीचे बना हुआ है। जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि स्वयं आशुतोष भगवान ने अपने ऊपर बरगद को छत्र के रूप में धारण कर रखा है। शिव मंदिर के बाहर आंगन में छोटी-बड़ी कई देव प्रतिमाऐं स्थापित है, जिनमें शिव, गणेश, पार्वती आदि प्रमुख है।[35]

मंदिर के सम्मुख ही बाहरी क्षेत्र में सदा नीरा माँ गंगा की जलधारा विद्यमान है जो आगे जाकर मनमोहक झरने के रूप में परिवर्तित हो जाती है। मान्यताओं के अनुसार यहाँ माता गंगा मेवाड़ की कृष्ण भक्त मीराबाई के पूज्य गुरूदेव रविदास जी के अनुनय विनय पर से प्रकट हुई थी। इसलिए क्षेत्रीय लोग इसे गंगा जी का चौथा पाया मानते है। क्षेत्र के जो आदिवासी अपने पूर्वजों के अस्थि विसर्जन के लिए हरिद्वार जाने में असमर्थ है वो यही पर अस्थि विसर्जन की परम्परा को सम्पन्न करते है। इस कार्य हेतु यहाँ कुछ घाट भी बने हुए है। मंदिर से कुछ दूरी पर लगभग सभी सम्प्रदायों के माता जी के थानक और नागदेवता के देवरे बने हुए हैं।[36]

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. भारद्वाज कमल : प्राचीन एवं मध्यकालीन भारत का इतिहास, प्रभात प्रकाशन, नई दिल्ली, 2021, पृ. 140-141
2. धर्म मेरियम वेबस्टर के लेख धर्म की परिभाषा से उद्धत 12 मार्च, 2021
3. बनर्जी ए. सी. : राजपूत अध्ययन गुहिलों का प्रारम्भिक इतिहास।
4. एर्स्किन : राजपूताना गजेटियर, भाग-II A, पृ. 26-27
5. पोखरियाल संजय : पौराणिक कथाओं में भगवान शिव दैनिक भास्कर, उदयपुर, संस्करण 13 नवम्बर 2017 से उद्धत।
6. शर्मा हिमांशु : भगवान शिव के गुणों को अपनाएंगे राजस्थान पत्रिका,

उदयपुर संस्करण, 24 फरवरी 2020 से उद्धत।
7. रूद्राष्टाध्यायी पृष्ठ संख्या 10 गीता प्रेस, गौरखपुर।
8. पाण्डेय अजीत कुमार (सम्पादक) : भारतीय इतिहास, समसामयिक घटना चक्र, इलाहाबाद, 2025, पृ. B 90-91
9. मांगलिक रोहित : विचारों का इतिहास, एड्यु गौरिला पब्लिकेशन्स्, नई दिल्ली, 2024, पृ. 155
10. व्यास गोपाल वल्लभ : प्रारम्भिक मेवाड़ का इतिहास, हिमांशु पब्लिकेशन्स, उदयपुर, 2016,पृ. 30-31
11. जोशी राधेश्याम : राजस्थान दर्शन, प्राईम प्रकाशन, भीलवाडा , पृ. 20
12. शर्मा जुगल किशोर : पुण्यभूमि भारत मानचित्र परिचय सुरूचि प्रकाशन जयपुर, 2013, पृ. 50
13. मांगलिक रोहित : भारत का इतिहास VII (1605-1750),एड्यू गौरिला पब्लिकेशन्स्, नई दिल्ली, 2024, पृ. 197
14. शर्मा धर्मपाल : मेवाड़ की संस्कृति और परम्परा, प्रताप शोध प्रतिष्ठान, उदयपुर, 2016, पृ. 1-2
15. व्यास गोपाल वल्लभ : पूर्वोक्त, पृ. 31
16. (1) श्यामलदास : वीर-विनोद भाग - 1, मयंक प्रकाशन 1986, पृ. 143
(2) शर्मा धर्मपाल : मेवाड़ संस्कृति एवं परम्परा, प्रताप शोध प्रतिष्ठान, उदयपुर, 1999, पृ. 1-2
17. ओझा गौरीशंकर हिराचन्द : उदयपुर राज्य का इतिहास, भाग-1, संस्करण-2, राजस्थानी ग्रंथागार, जोधपुर, 2006, पृ. 32
18. सिंह राजबहादुर : मंदिर संस्कृति, राज पब्लिशिंग हाऊस, नई दिल्ली, पृ. 314
19. राठौड़ भूपेन्द्र सिंह : मध्यकालीन राजस्थान के प्रमुख पर्यटन स्थल, राजस्थानी ग्रंथागार, जोधपुर, 2014, पृ. 91-92
20. गुप्ता मोहनलाल : राजस्थान जिलेवार सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक अध्ययन, राजस्थानी ग्रंथागार, जोधपुर, 2009, पृ. 86-87
21. राणावत ईश्वरसिंह : उभयेश्वर महादेव, प्रकाशक उभयेश्वर मंदिर विकास समिति, उदयपुर, 2000, विविध पृष्ठ।
22. दाधीच मनोज एवं पालीवाल राहुल : मेवाड़ सर्किट में पर्यटन का विकास एक विश्लेषणात्मक अध्ययन,किताब राईटिंग पब्लिकेशन्स्, मुम्बई, 2023,पृ. 172-173
23. (1) राणावत मनोहरसिंह एवं राणावत ईश्वर सिंह : मेवाड़ का सामाजिक सांस्कृतिक इतिहास, प्रताप शोध प्रतिष्ठान, उदयपुर, 2006, पृ. 152
(2) पुरोहित देवनाथ : उदयपुर भूपाल मुद्रण मंत्रालय, उदयपुर, संवत् 1987, पृ. 60
24. राजस्थान पत्रिका 21 जुलाई 2025 उदयपुर का अमरनाथ ..... गुप्तेश्वर महादेव मंदिर, अक्षिता देवड़ा के लेख से उद्धत।
25. राठौड़ भूपेन्द्र : पूर्वोक्त, पृ. 28-29
26. (1) मंदिर में प्रतिष्ठित शिलालेख के अनुसार
(2) राजस्थान पत्रिका समाचार पत्र 11/09/2008, पृ. 5
27. (1) https://udaipurblog.com
(2) खोटा सिक्का ऑनलाईन न्यूज पेपर, 12 जुलाई, 2015 के लेख अमरख महादेव (उदयपुर, राजस्थान) से उद्धत।
28. राजस्थान पत्रिका समाचार पत्र 1 अगस्त 2023 के लेख भगवान शिव को समर्पित उदयपुर के प्रमुख शिव मंदिर लेख से।
29. सिंह मधुलिका के राजस्थान पत्रिका समाचार पत्र में प्रकाशित लेख से उद्धत दिनांक 11 मार्च 2021 'उदयपुर में भी है, अमरनाथ, केदारनाथ और पशुपतिनाथ मंदिर'।
30. हिन्दुस्तान खबर समाचार-पत्र जुन 19, 2025 में प्रकाशित लेख उदयपुर में स्थित इस महादेव मंदिर में नारद मुनि ने की थी तपस्या लेख से उद्धत।
31. पूर्वोक्त
32. राठौड़ निशा के न्यूज 18 (हिन्दी) में 21 मई 2025 को प्रकाशित लेख जहाँ नारद मुनि ने की थी तपस्या वही प्रकट हुए भगवान शिव आज भी मौजूद है, अद्भुद शिवलिंग से उद्धत।
33. शर्मा विमलेश : सर्व विप्र मार्तण्ड, पत्रिका जुलाई 2020 वर्ष 3, अंक-10, जयपुर 2020, पृ. 13-14
34. चौहान नंदिनी 7 मार्च 2024 के उदयपुर पत्रिका में प्रकाशित लेख से उद्धत। (महाशिवरात्रि विशेषांक)।
35. न्यूज 18 हिन्दी 21 जुलाई 2023, राठौड़ निशा के लेख से उद्धत। कुण्डेश्वर महादेव जहाँ राजा ने किया शीशदान।
36. पूर्वोक्त

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2025, E-Journal, Vol. I, Issue L (50), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

नई कहानी आंदोलन की संवेदनागत एवं शिल्पगत विशेषताएँ : योगदान, महत्व एवं समग्र मूल्यांकन

महीपाल दान* डॉ. राज बाला**

* शोधार्थी, ज्योति विद्यापीठ महिला विश्वविद्यालय जयपुर (राज.) भारत
** शोध निर्देशिका, ज्योति विद्यापीठ महिला विश्वविद्यालय जयपुर (राज.) भारत

शोध सारांश – स्वातंत्र्योत्तर हिंदी साहित्य में नई कहानी आंदोलन एक महत्वपूर्ण साहित्यिक उपलब्धि के रूप में स्थापित हुआ। इस आंदोलन ने हिंदी कहानी को परंपरागत आदर्शवाद, घटना प्रधानता तथा सामाजिक यथार्थवाद से मुक्त करके आधुनिक जीवन-बोध, मनोवैज्ञानिक यथार्थ, अस्तित्वगत संकट, संबंधों के विघटन तथा मध्यवर्गीय चेतना को केंद्र में स्थापित किया। नई कहानी के रचनाकारों ने व्यक्ति के बाह्य जीवन की अपेक्षा उसके अंतर्जगत, अकेलेपन, संत्रास, कुंठा, मानसिक तनाव और सामाजिक विसंगतियों को अभिव्यक्ति दी। प्रस्तुत शोध-पत्र में नई कहानी आंदोलन की पृष्ठभूमि, संवेदनागत एवं शिल्पगत विशेषताओं, प्रमुख कहानीकारों, योगदान, महत्व तथा सीमाओं का विस्तृत अध्ययन प्रस्तुत किया गया है।
शब्द कुंजी – नई कहानी, आधुनिकता, मध्यवर्ग, संवेदना, शिल्प,अस्तित्ववाद, मनोविश्लेषणवाद, आधुनिक जीवन-बोध।

प्रस्तावना – हिंदी साहित्य के इतिहास में कहानी विधा का विकास निरंतर परिवर्तनशील रहा है। प्रारंभिक कहानियाँ मनोरंजन तथा उपदेश की दृष्टि से लिखी जाती थीं, जबकि प्रेमचंद ने कहानी को सामाजिक यथार्थ से जोड़ा। किंतु स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारतीय समाज में तीव्र परिवर्तन हुए। स्वतंत्रता के बाद अपेक्षित सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक आदर्श साकार नहीं हो सके। परिणामस्वरूप व्यक्ति में मोहभंग, निराशा, असुरक्षा तथा अकेलेपन की भावना विकसित हुई।इन्हीं परिस्थितियों में हिंदी कहानी ने एक नई दिशा ग्रहण की जिसे 'नई कहानी आंदोलन' कहा गया। नई कहानी ने व्यक्ति के आंतरिक जीवन, मानसिक संघर्ष, दाम्पत्य संबंधों की जटिलता, अस्तित्वगत संकट तथा आधुनिक जीवन की विडंबनाओं को अपनी विषयवस्तु बनाया।डॉ. नामवर सिंह के अनुसार 'नई कहानी जीवन के नए यथार्थ और नई संवेदना की कहानी है।'[1]

1. नई कहानी आंदोलन की पृष्ठभूमि – नई कहानी आंदोलन के उद्भव के पीछे अनेक ऐतिहासिक, सामाजिक एवं साहित्यिक कारण रहे।

- **स्वतंत्रता के बाद का मोहभंग –** स्वतंत्रता के पश्चात जनता ने जिस आदर्श समाज की कल्पना की थी, वह साकार नहीं हो सकी। भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और राजनीतिक अस्थिरता ने व्यक्ति को निराश किया।
- **विभाजन की त्रासदी –** देश-विभाजन ने सामाजिक जीवन को गहराई से प्रभावित किया।विस्थापन, असुरक्षा और भय की भावना साहित्य में भी अभिव्यक्त हुई।
- **औद्योगीकरण एवं नगरीकरण –** शहरी जीवन ने व्यक्ति को परिवार और समाज से दूर कर दिया। इससे अकेलेपन और अजनबीपन की भावना उत्पन्न हुई।
- **पाश्चात्य चिंतन का प्रभाव –** नई कहानी पर निम्न विचारधाराओं का प्रभाव पड़ा- अस्तित्ववाद, मनोविश्लेषणवाद, आधुनिकतावाद, मार्क्सवाद।

2. नई कहानी आंदोलन का स्वरूप- नई कहानी आंदोलन हिंदी साहित्य का एक महत्वपूर्ण साहित्यिक आंदोलन है, जिसका उद्भव स्वतंत्रता-प्राप्ति के बाद 1950 के दशक में हुआ। यह आंदोलन बदलती हुई सामाजिक, राजनीतिक तथा सांस्कृतिक परिस्थितियों की देन था। नई कहानी ने परंपरागत आदर्शवाद, घटनाप्रधानता तथा उपदेशात्मकता से हटकर आधुनिक जीवन की जटिलताओं, मध्यवर्गीय चेतना, मानवीय संबंधों के विघटन, अकेलेपन, संत्रास तथा अस्तित्वगत संकट को अपनी विषयवस्तु बनाया।

नई कहानी का स्वरूप मुख्यत: व्यक्तिनिष्ठ, मनोवैज्ञानिक तथा यथार्थवादी है। इसमें बाह्य घटनाओं की अपेक्षा व्यक्ति के अंतर्मन, मानसिक संघर्ष, कुंठा, घुटन तथा अकेलेपन को अधिक महत्व दिया गया है। इस आंदोलन ने कहानी को आधुनिक जीवन-बोध, नई संवेदना और नवीन शिल्प प्रदान किया। कथानक का ह्रास, सांकेतिकता, अंत:संवाद, चेतना-प्रवाह शैली तथा खुला अंत इसकी प्रमुख शिल्पगत विशेषताएँ हैं। डॉ.रामदरश मिश्र लिखते हैं 'नई कहानी ने आधुनिक मनुष्य के अकेलेपन, संत्रास और टूटते हुए संबंधों को स्वर प्रदान किया।'[2] नई कहानी किसी संगठन या संस्था का आंदोलन नहीं था। यह एक साहित्यिक चेतना थी।इसके प्रमुख कहानीकार हैं मोहन राकेश, राजेंद्र यादव, कमलेश्वर, निर्मल वर्मा, मन्नू भंडारी, उषाप्रियंवदा, भीष्म साहनी। इन रचनाकारों ने व्यक्ति की आंतरिक पीड़ा, सामाजिक विघटन तथा मानसिक संघर्षों को कहानी का केंद्र बनाया।

3. नई कहानी की संवेदनागत विशेषताएँ

- **आधुनिक जीवन-बोध-** नई कहानी आधुनिक जीवन की समस्याओं का साहित्य है। इसमेंव्यक्ति की चिंता, तनाव, भय, असुरक्षा तथा विघटन का चित्रण मिलता है।
- **अस्तित्वगत संकट-** नई कहानी का व्यक्ति अपने अस्तित्व को लेकर चिंतित है। वह स्वयं को समाज से कटा हुआ अनुभव करता है।निर्मल वर्मा

की कहानियों में यह संवेदना अत्यंत तीव्र रूप में दिखाई देती है।डॉ. इंद्रनाथ मदान के अनुसार 'नई कहानी का व्यक्ति अपने अस्तित्व की रक्षा और पहचान की खोज में संघर्षरत है।'[3]

- **अकेलापन और अजनबीपन –** नई कहानी का पात्र भीड़ में रहते हुए भी अकेला है। पारिवारिक संबंध कमजोर हो गए हैं।
- **मध्यवर्गीय चेतना –** नई कहानी का प्रमुख पात्र मध्यवर्गीय व्यक्ति है, जो आर्थिक, सामाजिक और मानसिक समस्याओं से जूझ रहा है।
- **संबंधों का विघटन –** पति-पत्नी, प्रेमी-प्रेमिका तथा पारिवारिक संबंधों में तनाव और दूरी का चित्रण नई कहानी की प्रमुख विशेषता है। डॉ. विश्वनाथ त्रिपाठी के अनुसार 'नई कहानी ने मानवीय संबंधों की टूटन और उनके भीतर के तनाव को गहराई से अभिव्यक्त किया।'[4]
- **स्त्री संवेदना–** नई कहानी में स्त्री केवल सहायक पात्र नहीं है, बल्कि उसकी स्वतंत्र चेतना और अस्तित्व को महत्व दिया गया है।
- **मनोवैज्ञानिकता–** नई कहानी व्यक्ति के अंतर्मन का सूक्ष्म विश्लेषण करती है।मनोविश्लेषणवाद ने नई कहानी को गहराई प्रदान की। पात्रों की दमित इच्छाएँ, कुंठाएँ, मानसिक तनाव और अचेतन जीवन का चित्रण नई कहानी में व्यापक रूप से मिलता है।नई कहानीकारों ने व्यक्ति के मानसिक संघर्षों को कहानी का आधार बनाया। डॉ. बच्चन सिंह लिखते हैं 'नई कहानी ने व्यक्ति के अंतर्जगत और मानसिक यथार्थ को कहानी का केंद्र बनाया।'[5]
Suggestions For Effective Implementation Of Laws: The necessity of developing sustainable infrastructure is required not only for combating climate change but also for keeping in mind the future economic growth. For instance, coal and other non-renewable source of energy will not be able to manage the ever increasing need of energy in India. A renewable source like solar or hydro-electric power can easily meet the requirements and will be cost efficient as well. Following are certain suggestions for effective implementation of green laws in realizing the dream of sustainable infrastructure:-

1) Raising Awareness Practically and Not Theoretically– Central and State Pollution Control Boards are responsible for spreading awareness regarding improving environmental conditions but the citizens have to be equally vigilant for the task. Every stakeholder in society has individual obligations to fulfill as well as a duty to provide an equal contribution to society's education. One may always find time for different environmentalists or organisations working on environmental issues to share their insights and contributions. They might also provide funding to educational institutions to set up workshops for instructors and students on environmental awareness. This would be an encouragement for individuals to attend new-age workshops and webinars to be more aware of the environmental concerns of the world. Also the govt. must promote workshops in schools and other educational institutions which should be organized by students themselves which will give them a real time experience of the requirement of green energy.

2) Restricting self-centered approach- The citizens need to understand that their one selfish step is creating a question mark on the future of thousands of other persons. They should develop a habit of making certain changes which could contribute in promoting sustainability in one way or the other. For instance, while constructing a house a person should keep in mind the environmental guidelines in the region. Further, the person setting up any industry should always prefer to build environment friendly structure like preferring natural light instead of artificial one in the premises, installing solar panels, rainwater harvesting, zero wastage of water, etc. We should not wait for the govt. to guide us. Instead this approach should be in our routine habit.

3) Establishing Reginal/Additional Authorities and Granting Additional Powers to he State Boards- As we are aware that the authorities involved in promoting sustainable environment are CPCB, SPCB and NGT. It is suggested that the burden of the authorities should be relaxed by establishing additional authorities for monitoring the various aspects of pollution. The necessity of establishing regional or additional authority is felt not only for the purpose of proper monitoring but also for the purpose of proper implementation of the laws and rules. For instance, under the Consumer Protection Act, 2019 the cases of consumer disputes are well classified for adjudication between National Consumer Disputes Redressal Commission, State Commission and District Commission. The recent Act has also introduced new authorities for effective implementation of the object of the law i.e. Central Consumer Protection Authority, State Consumer Protection Authority and District Consumer Protection Authority. Therefore, the Govt. should establish Green Tribunals at the State as well as District level so as to effectively resolve the complaints of violation of environmental laws. Also, constituting 'Green Police' as an enforcement wing will not only help in as well as monitoring of acceptability of environmental norms among various industries. Further, it's the need of the hour that the authorities should be provided with certain powers to take stringent actions the wrongdoers and create a fear among the others that an authority is right above their head to monitor them and restrict their unwanted actions.

4) Change in Govt. Policies-In recent years, Indian govt. has been primarily focusing on initiating schemes for promoting green infrastructure in India. Under PM SuryagharMuftBijliYojna govt. provide subsidies for setting up solar power plant. Further govt. is also providing subsidies for buying electric vehicle so as to promote greener transport.However, much intense changes in policies are required so as to develop sustainable infrastructure. One of such change is preparing active master plan for the Tier-1 cities. A new term has emerged for sustainable infrastructure known as 'Blue- Green' infrastructure. It refers to a network that provides the "ingredients" for solving urban and climatic challenges by a combination of infrastructure, ecological restoration and urban design to connect people with nature.Blue indicates water bodies such as rivers and tanks. Green indicates trees, parks, and gardens. Such an infrastructure should be a part of construction policy both residential as well as commercial. Every construction should be scrutinized by

pollution control boards in such cities. Gradually, it will become a practice and subsequently may be applied in tier-2 and 3 cities. Also, greener mode of transport can be promoted by developing purposeful infrastructure like installing charging stations at frequent distance, separate lane for electric vehicles, lower amount toll and other taxes for such vehicles, etc. Govt. should make contribution towards green infrastructure a mandatory part of Corporate Social Responsibility (CSR). This could enhance corporate assistance not only financially but also technically.

Conclusion: Development, and for that matter, sustainable development is contingent on access to resources necessary to live a reasonably good way of life, infrastructure included. Without any ambiguity, access to more resources would entail a higher level of development, the way we define development today. However, unrestricted access to resources could certainly jeopardize the sustainability and resilience of the developmental process. According to an ongoing temperature analysis by scientists at NASA's Goddard Institute for Space Studies (GISS), the average temperature of earth rose by a little more than 1^0c since 1880 and two-third of it was raised since 1975 roughly at the rate of 0.15^0c-0.20^0c per decade. Some may argue it as a normal raise as many nations witness a huge fluctuation of temperature only in a day. This one degree change is significant because it not only warm-up the oceans but also melts the ice at the poles. This again results in the rise of oceanic levels which is a real time threat to the coastal regions around the world. According to a latest report by NASA using the research of IPCC (Inter-governmental Panel on Climate Change), 12 coastal cities of India including Mumbai, Chennai, Vishakhapatnam could be 3-ft underwater by 2100.

On 3rd August 2023, the Indian Government released its Net zero emissions target policy to reduce its carbon footprints. To achieve the sustainable development goals (SDG), as specified by the UN, India is determined for its long-term low-carbon development strategy. Selfishly pursuing modernization, humans have frequently compromised with the requirements of a more sustainable environment.India's sustainable infrastructure is facing severe challenges due to the rapid pace of urbanisation. While there have been some efforts towards sustainable development, such as the Smart Cities Mission and the Atal Mission for Rejuvenation and Urban Transformation, these initiatives face various constraints such as inadequate financial resources, inadequate planning, and lack of public awareness.Moreover, is the need for better planning and policy frameworks to promote sustainable development. These should include a focus on integrated urban planning, which takes into account environmental sustainability, social equity, and economic growth. It is also essential to involve communities in the planning and decision-making process to ensure their needs and aspirations are considered.India must use this transformational moment to move from old 19th Century infrastructure to a wiser combination of green and traditional infrastructure that will meet the needs of the 21st Century.

References:-

1. United Nations, *Transforming Our World: The 2030 Agenda for Sustainable Development*, U.N. Doc. A/RES/70/1 (2015)
2. United Nations, *Sustainable Development Goals (SDGs)*, https://sdgs.un.org/goals.
3. World Bank, *Sustainable Infrastructure*, https://www.worldbank.org.
4. Intergovernmental Panel on Climate Change (IPCC), *Sixth Assessment Report (AR6): Climate Change 2023* (2023)
5. National Green Tribunal Act, 2010
6. Environment (Protection) Act,1986
7. Water (Prevention and Control of Pollution) Act, 1974
8. Air (Prevention and Control of Pollution) Act, 1981
9. Consumer Protection Act, 2019
10. Ministry of Environment, Forest and Climate Change (MoEFCC), Government of India, https://moef.gov.in
11. Central Pollution Control Board (CPCB), *Annual Report* (latest edition), https://cpcb.nic.in.
12. NITI Aayog, *India's Long-Term Low Carbon Development Strategy* (2023).
13. Government of India, *India's Updated Nationally Determined Contribution (NDC)* (2022).
14. National Aeronautics and Space Administration (NASA), *Global Climate Change: Vital Signs of the Planet*, https://climate.nasa.gov.
15. NASA Goddard Institute for Space Studies (GISS), *GISS Surface Temperature Analysis (GISTEMP)*, https://data.giss.nasa.gov/gistemp.
16. United Nations Environment Programme (UNEP), *Global Environment Outlook* (latest edition).
17. United Nations University Institute for Water, Environment and Health (UNU-INWEH), *Groundwater and Water Security Reports*.
18. Mishra Committee Report, *Report on the Stability of Joshimath Township* (1976).
19. Ministry of New and Renewable Energy (MNRE), Government of India, *PM Surya Ghar: MuftBijliYojana*, https://mnre.gov.in.
20. Ministry of Housing and Urban Affairs, Government of India, *Smart Cities Mission Guidelines* (2015).
21. Ministry of Housing and Urban Affairs, Government of India, *Atal Mission for Rejuvenation and Urban Transformation (AMRUT)*, https://mohua.gov.in.
22. Intergovernmental Panel on Climate Change (IPCC), *Special Report on Global Warming of 1.5°C* (2018).
23. United Nations, *World Urbanization Prospects 2018*, Department of Economic and Social Affairs.
24. OECD, *Infrastructure for a Low-Carbon Economy* (2021).
25. Asian Development Bank, *Green Infrastructure in Asia: Policies and Practices* (2022).

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2025, E-Journal, Vol. I, Issue L (50), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

चिकित्सा प्रणाली के विकास में भारतीय ज्ञान परम्परा का योगदान

डॉ. मधुसूदन चौबे*

*** एसोसिएट प्रोफेसर (इतिहास) प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बडवानी (म.प्र.) भारत**

शोध सारांश – भारतीय ज्ञान परम्परा विश्व की प्राचीनतम एवं सर्वाधिक समृद्ध ज्ञान परम्पराओं में से एक है, जिसने दर्शन, गणित, ज्योतिष, कृषि, वास्तु, शिक्षा तथा चिकित्सा जैसे अनेक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में भारत की आयुर्वेद परम्परा मानव जीवन को केवल रोगमुक्त करने तक सीमित नहीं रही, बल्कि उसने स्वस्थ जीवन, दीर्घायु तथा शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आध्यात्मिक संतुलन पर आधारित समग्र स्वास्थ्य (Holistic Sealth) की अवधारणा प्रस्तुत की। वैदिक साहित्य, विशेषकर अथर्ववेद में औषधीय वनस्पतियों, रोगों एवं उपचार विधियों का प्रारम्भिक स्वरूप मिलता है, जबकि चरक संहिता, सुश्रुत संहिता तथा अष्टाङ्गहृदयम् जैसे ग्रंथों ने चिकित्सा विज्ञान को व्यवस्थित एवं वैज्ञानिक स्वरूप प्रदान किया।

प्रस्तुत शोध-पत्र का उद्देश्य चिकित्सा प्रणाली के विकास में भारतीय ज्ञान परम्परा के योगदान का ऐतिहासिक एवं विश्लेषणात्मक अध्ययन करना है। अध्ययन में वैदिक साहित्य, आयुर्वेदिक संहिताओं, आधुनिक शोधों तथा सरकारी दस्तावेजों का उपयोग करते हुए भारतीय चिकित्सा प्रणाली की विकास यात्रा का विवेचन किया गया है। शोध से स्पष्ट होता है कि आयुर्वेद केवल उपचार प्रणाली नहीं, बल्कि निवारक चिकित्सा, पोषण, पर्यावरण संरक्षण, मानसिक स्वास्थ्य तथा जीवनशैली प्रबंधन पर आधारित एक समग्र स्वास्थ्य विज्ञान है। सुश्रुत द्वारा विकसित शल्य चिकित्सा, चरक की निदान एवं चिकित्सा पद्धति, वाग्भट्ट द्वारा अष्टांग आयुर्वेद का समन्वित प्रतिपादन तथा योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा की अवधारणाएँ आज भी वैश्विक चिकित्सा जगत के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

वर्तमान समय में जीवनशैली जनित रोगों, मानसिक तनाव, प्रतिरक्षा क्षमता में कमी तथा पर्यावरणीय असंतुलन जैसी चुनौतियों के बीच भारतीय ज्ञान परम्परा की चिकित्सा अवधारणाएँ पुन: वैश्विक स्तर पर स्वीकार्यता प्राप्त कर रही हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा पारंपरिक चिकित्सा को बढ़ावा देना तथा भारत में आयुष मंत्रालय की विभिन्न पहलें इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। अत: भारतीय ज्ञान परम्परा केवल अतीत की धरोहर नहीं, बल्कि भविष्य की स्वास्थ्य व्यवस्था के निर्माण का एक सशक्त आधार भी है।

शब्द कुंजी – भारतीय ज्ञान परम्परा, आयुर्वेद, चरक संहिता, सुश्रुत संहिता, योग, आयुष, पारंपरिक चिकित्सा, समग्र स्वास्थ्य।

प्रस्तावना – 'स्वस्थस्य स्वास्थ्य रक्षणम्, आतुरस्य विकार प्रशमनम्' आयुर्वेद का यह मूल सिद्धांत भारतीय चिकित्सा दर्शन की आधारशिला है। इसका तात्पर्य है कि चिकित्सा का उद्देश्य केवल रोगों का उपचार करना नहीं, बल्कि स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा करना भी है। यही दृष्टिकोण भारतीय चिकित्सा प्रणाली को विश्व की अनेक चिकित्सा पद्धतियों से भिन्न बनाता है।

भारतीय ज्ञान परम्परा का विकास हजारों वर्षों की सतत बौद्धिक, सांस्कृतिक तथा वैज्ञानिक साधना का परिणाम है। इस परम्परा में चिकित्सा को केवल जैविक प्रक्रिया नहीं माना गया, बल्कि शरीर, मन, बुद्धि, आत्मा तथा प्रकृति के मध्य संतुलन स्थापित करने का माध्यम समझा गया। इसी कारण भारतीय चिकित्सा पद्धति में आहार, विहार, योग, ध्यान, दिनचर्या, ऋतुचर्या तथा नैतिक जीवन को स्वास्थ्य का अभिन्न अंग माना गया है।

वैदिक साहित्य में विशेषत: अथर्ववेद में अनेक रोगों, औषधीय पौधों तथा उपचार पद्धतियों का उल्लेख प्राप्त होता है। इसके पश्चात आयुर्वेद का व्यवस्थित स्वरूप चरक संहिता, सुश्रुत संहिता तथा वाग्भट्ट के ग्रंथों में विकसित हुआ। चरक ने कायचिकित्सा, रोग निदान, औषध विज्ञान एवं चिकित्सा सिद्धांतों का विस्तृत प्रतिपादन किया, जबकि सुश्रुत ने शल्य चिकित्सा, शरीर रचना विज्ञान तथा शल्य उपकरणों का वैज्ञानिक वर्णन प्रस्तुत किया। वाग्भट्ट ने आयुर्वेद के विभिन्न अंगों का समन्वय कर चिकित्सा विज्ञान को अधिक व्यावहारिक स्वरूप प्रदान किया।

प्राचीन भारतीय चिकित्सकों ने मानव शरीर का सूक्ष्म अध्ययन कर रोगों के कारण, उनके निदान तथा उपचार के सिद्धांत विकसित किए। उन्होंने औषधीय वनस्पतियों, खनिज पदार्थों तथा पशु-आधारित औषधियों का वर्गीकरण किया तथा व्यक्तिगत प्रकृति (प्रकृति परीक्षण) के आधार पर चिकित्सा की अवधारणा विकसित की, जिसे आज के संदर्भ में व्यक्तिगत चिकित्सा के प्रारंभिक रूप के रूप में देखा जा सकता है।

आधुनिक चिकित्सा विज्ञान के विकास के साथ एलोपैथिक प्रणाली ने व्यापक विस्तार प्राप्त किया, किंतु बढ़ती जीवनशैली जनित बीमारियाँ, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा, मानसिक तनाव, अवसाद तथा प्रतिरक्षा संबंधी समस्याओं ने पुन: समग्र चिकित्सा पद्धतियों की आवश्यकता को रेखांकित किया है। इसी कारण विश्व स्तर पर आयुर्वेद, योग, ध्यान, प्राकृतिक चिकित्सा तथा औषधीय पौधों पर आधारित उपचार प्रणालियों के प्रति रुचि में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

भारत सरकार द्वारा आयुष मंत्रालय की स्थापना, राष्ट्रीय आयुष

मिशन, औषधीय पौधों के संरक्षण, योग के वैश्विक प्रचार तथा पारंपरिक चिकित्सा के वैज्ञानिक प्रमाणीकरण हेतु किए जा रहे प्रयास इस बात के प्रमाण हैं कि भारतीय चिकित्सा ज्ञान केवल सांस्कृतिक विरासत नहीं, बल्कि भविष्य की स्वास्थ्य व्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार बन सकता है।

ऐसे समय में भारतीय ज्ञान परम्परा के चिकित्सा संबंधी योगदान का ऐतिहासिक, वैज्ञानिक तथा समकालीन दृष्टि से पुनर्मूल्यांकन आवश्यक है। प्रस्तुत शोध-पत्र इसी आवश्यकता की पूर्ति का प्रयास है।

शोध समस्या – यद्यपि भारतीय चिकित्सा प्रणाली विश्व की प्राचीन एवं समृद्ध परम्पराओं में से एक है, तथापि औपनिवेशिक काल, आधुनिक पाश्चात्य चिकित्सा के तीव्र विस्तार तथा पारंपरिक ज्ञान के सीमित वैज्ञानिक दस्तावेजीकरण के कारण इसके अनेक आयाम अपेक्षित रूप से मुख्यधारा के अकादमिक विमर्श में स्थान नहीं पा सके। वर्तमान समय में वैश्विक स्तर पर पारंपरिक चिकित्सा के प्रति बढ़ती रुचि ने भारतीय चिकित्सा ज्ञान की ऐतिहासिक भूमिका एवं वैज्ञानिक आधार के पुनर्मूल्यांकन की आवश्यकता को और अधिक महत्वपूर्ण बना दिया है। अत: यह अध्ययन इस प्रश्न का उत्तार खोजने का प्रयास करता है कि चिकित्सा प्रणाली के विकास में भारतीय ज्ञान परम्परा का वास्तविक योगदान क्या रहा है तथा वर्तमान स्वास्थ्य व्यवस्था में उसकी प्रासंगिकता किस प्रकार स्थापित होती है।

शोध के उद्देश्य :

1. भारतीय ज्ञान परम्परा में चिकित्सा विज्ञान के ऐतिहासिक विकास का अध्ययन करना।
2. वैदिक साहित्य एवं आयुर्वेदिक संहिताओं में निहित चिकित्सा संबंधी ज्ञान का विश्लेषण करना।
3. चरक, सुश्रुत तथा वाग्भट्ट के चिकित्सा विज्ञान में योगदान का मूल्यांकन करना।
4. योग, औषधीय वनस्पतियों एवं जीवनशैली आधारित चिकित्सा की उपयोगिता का अध्ययन करना।
5. आधुनिक स्वास्थ्य व्यवस्था में भारतीय चिकित्सा प्रणाली की प्रासंगिकता का विश्लेषण करना।
6. चिकित्सा क्षेत्र में भारतीय ज्ञान परम्परा के वैश्विक प्रभाव का परीक्षण करना।

शोध प्रश्न :

1. भारतीय ज्ञान परम्परा में चिकित्सा विज्ञान का विकास किन प्रमुख चरणों से होकर हुआ?
2. आयुर्वेद के मूल सिद्धांत आधुनिक चिकित्सा विज्ञान के संदर्भ में कितने प्रासंगिक हैं?
3. चरक एवं सुश्रुत के योगदान ने चिकित्सा विज्ञान को किस प्रकार प्रभावित किया?
4. वर्तमान स्वास्थ्य चुनौतियों के समाधान में भारतीय चिकित्सा प्रणाली की क्या भूमिका हो सकती है?
5. वैश्विक स्तर पर भारतीय चिकित्सा ज्ञान की स्वीकृति के प्रमुख कारण क्या हैं?

शोध पद्धति – यह शोध गुणात्मक एवं ऐतिहासिक शोध पद्धति पर आधारित है। अध्ययन के लिए मुख्यत: द्वितीयक स्रोतों का उपयोग किया गया है। प्राथमिक स्रोतों में अथर्ववेद, चरक संहिता, सुश्रुत संहिता, अष्टाङ्गहृदयम् तथा अन्य आयुर्वेदिक ग्रंथों का अध्ययन किया जाएगा। द्वितीयक स्रोतों में शोध-पत्र, पुस्तकें, सरकारी प्रकाशन, आयुष मंत्रालय के दस्तावेज तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रकाशित सामग्री का विश्लेषणकिया जाएगा। उपलब्ध तथ्यों का ऐतिहासिक, तुलनात्मक एवं विश्लेषणात्मक पद्धति से परीक्षण कर निष्कर्ष प्रस्तुत किए जाएंगे।

भारतीय ज्ञान परम्परा की अवधारणा – भारतीय ज्ञान परम्परा से अभिप्राय उस समग्र ज्ञान-संपदा से है, जिसका विकास भारत में सहस्राब्दियों के बौद्धिक, आध्यात्मिक तथा व्यावहारिक अनुभवों के आधार पर हुआ। यह परम्परा केवल दार्शनिक चिंतन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें गणित, खगोलशास्त्र, धातुकर्म, कृषि, पर्यावरण, शिक्षा, वास्तुकला तथा चिकित्सा विज्ञान जैसे अनेक विषयों का वैज्ञानिक एवं व्यवस्थित ज्ञान निहित है।

भारतीय ज्ञान परम्परा का प्रमुख आधार लोककल्याण है। यहाँ ज्ञान का उद्देश्य केवल सैद्धान्तिक जानकारी प्राप्त करना नहीं, बल्कि व्यक्ति, समाज और प्रकृति के मध्य संतुलन स्थापित करना है। इसी कारण भारतीय चिकित्सा पद्धति में स्वास्थ्य को केवल रोग की अनुपस्थिति नहीं माना गया, बल्कि शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक संतुलन की अवस्था के रूप में परिभाषित किया गया।

आयुर्वेद में स्वास्थ्य की सर्वाधिक प्रसिद्ध परिभाषा सुश्रुत संहिता में प्राप्त होती है-

'समदोष: समाग्निश्च समधातु मलक्रिय:।
प्रसन्नात्मेन्द्रियमन: स्वस्थ इत्यभिधीयते।।'

अर्थात् जिस व्यक्ति के दोष (वात, पित्त एवं कफ), अग्नि, धातुएँ तथा मल-क्रियाएँ संतुलित हों तथा जिसकी आत्मा, इन्द्रियाँ एवं मन प्रसन्न हों, वही वास्तव में स्वस्थ है। यह परिभाषा आधुनिक विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा प्रतिपादित समग्र स्वास्थ्य की अवधारणा से आश्चर्यजनक साम्यता रखती है।

भारतीय ज्ञान परम्परा में स्वास्थ्य का संबंध धर्म, अर्थ, काम और मोक्षकृइन चार पुरुषार्थों की प्राप्ति से भी जोड़ा गया है। चरक संहिता में कहा गया है कि स्वस्थ शरीर ही जीवन के समस्त उद्देश्यों की प्राप्ति का आधार है। अत: चिकित्सा केवल रोगोपचार का विज्ञान नहीं, बल्कि जीवन-प्रबंधन का विज्ञान भी है।

भारतीय चिकित्सा दर्शन पाँच महाभूतों (पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश), त्रिदोष सिद्धांत, सप्तधातु, त्रिमल, अग्नि तथा ओज जैसी अवधारणाओं पर आधारित है। आधुनिक जैव-चिकित्सा इन अवधारणाओं की शब्दावली का उपयोग नहीं करती, किंतु शरीर में संतुलन, चयापचय , प्रतिरक्षा और शरीर की कार्यात्मक प्रणालियों के संतुलन जैसे विचार इनके साथ तुलनात्मक अध्ययन का विषय अवश्य हैं। इसलिए दोनों परम्पराओं के बीच समानता स्थापित करते समय सावधानी अपेक्षित हैय उन्हें पूर्णत: समान मानना उचित नहीं होगा।

वैदिक काल में चिकित्सा विज्ञान का विकास– भारतीय चिकित्सा प्रणाली की जड़ें वैदिक काल तक पहुँचती हैं। ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद में स्वास्थ्य, रोग, औषधियों तथा उपचार संबंधी अनेक उल्लेख प्राप्त होते हैं। इनमें अथर्ववेद को विशेष रूप से चिकित्सा ज्ञान का प्रमुख स्रोत माना जाता है।

वैदिक समाज में स्वास्थ्य का संबंध केवल शरीर से नहीं, बल्कि प्रकृति, ऋतु, आहार, जल, वायु तथा मानसिक संतुलन से भी था। ऋषियों ने अनुभव किया कि असंतुलित जीवनशैली रोगों का कारण बनती है, जबकि संतुलित

दिनचर्या, शुद्ध भोजन, संयम तथा स्वच्छता स्वास्थ्य के संरक्षण में सहायक हैं।

ऋग्वेद में अश्विनीकुमारों का वर्णन देववैद्यों के रूप में किया गया है। वे रोगियों का उपचार करने, दृष्टिहीनों को दृष्टि प्रदान करने तथा विभिन्न शारीरिक विकारों को दूर करने वाले चिकित्सकों के प्रतीक माने गए हैं। यद्यपि इन वर्णनों का धार्मिक एवं प्रतीकात्मक पक्ष भी है, फिर भी वे उस समय चिकित्सा के महत्व को स्पष्ट करते हैं।

वैदिक साहित्य में वनस्पतियों को दिव्य औषधि माना गया है। औषधियों के संग्रह, संरक्षण तथा उपयोग के संबंध में अनेक मंत्र मिलते हैं, जो यह संकेत देते हैं कि उस समय औषधीय पौधों का पर्याप्त व्यावहारिक ज्ञान उपलब्ध था।

स्वच्छ जल, शुद्ध वायु, सूर्यप्रकाश तथा यज्ञीय वातावरण को स्वास्थ्यवर्धक माना गया। आधुनिक सार्वजनिक स्वास्थ्य के संदर्भ में देखें तो स्वच्छता, पर्यावरणीय संतुलन तथा निवारक उपायों पर दिया गया यह बल अत्यंत महत्वपूर्ण है।

अथर्ववेद और चिकित्सा विज्ञान– अथर्ववेद भारतीय चिकित्सा ज्ञान का सर्वाधिक महत्वपूर्ण वैदिक स्रोत है। इसमें रोगों, औषधीय वनस्पतियों, विषोपचार, ज्वर, त्वचा रोग, कृमि, घाव तथा मानसिक विकारों तक के अनेक उल्लेख प्राप्त होते हैं।

अथर्ववेद में औषधियों को पृथ्वी की संतान कहा गया है तथा उनके औषधीय गुणों का अत्यंत सम्मानपूर्वक वर्णन किया गया है। इससे स्पष्ट होता है कि औषधीय पौधों का व्यवस्थित ज्ञान उस समय समाज में विद्यमान था। अनेक विद्वानों का मत है कि बाद में विकसित आयुर्वेद ने इन्हीं वैदिक अनुभवों को व्यवस्थित वैज्ञानिक स्वरूप प्रदान किया।

अथर्ववेद में रोगों के उपचार के लिए तीन प्रमुख आधार दिखाई देते हैं–

1. औषधीय वनस्पतियों का प्रयोग।
2. आहार एवं जीवनशैली का महत्व।
3. आध्यात्मिक एवं मनोवैज्ञानिक उपाय।

यहाँ यह उल्लेखनीय है कि वैदिक चिकित्सा में मंत्रों का भी प्रयोग मिलता है। आधुनिक इतिहासकारों का मत है कि इन मंत्रों की भूमिका केवल धार्मिक न होकर रोगी के मानसिक साहस, आशा तथा सकारात्मक मनोवृत्ति को सुदृढ़ करने में भी रही होगी। इस दृष्टि से यह चिकित्सा के मनोवैज्ञानिक आयाम का प्रारम्भिक स्वरूप माना जा सकता है।

अथर्ववेद में विषैले जीवों के दंश, ज्वर, अस्थिभंग तथा घावों के उपचार संबंधी संकेत भी प्राप्त होते हैं। यद्यपि इनका आधुनिक वैज्ञानिक परीक्षण अलग विषय है, तथापि यह निर्विवाद है कि वैदिक समाज में चिकित्सा संबंधी व्यवस्थित अनुभव–संपदा उपलब्ध थी।

आयुर्वेद का उद्भव एवं विकास– 'आयुर्वेद' शब्द दो शब्दों–'आयु:' (जीवन) और 'वेद' (ज्ञान)कृसे मिलकर बना है। अर्थात् आयुर्वेद जीवन का विज्ञान है। इसका उद्देश्य केवल रोग का उपचार नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन की रक्षा, रोगों की रोकथाम तथा दीर्घायु की प्राप्ति है।

भारतीय परम्परा के अनुसार आयुर्वेद का ज्ञान ब्रह्मा से दक्ष प्रजापति, अश्विनीकुमार, इन्द्र तथा तत्पश्चात् महर्षि भरद्वाज के माध्यम से मानव समाज तक पहुँचा। यह परम्परा आयुर्वेद की सांस्कृतिक एवं दार्शनिक पृष्ठभूमि को व्यक्त करती है। ऐतिहासिक दृष्टि से आयुर्वेद का क्रमिक विकास वैदिक ज्ञान, लोकानुभव तथा चिकित्सकीय अभ्यास के दीर्घकालीन समन्वय का परिणाम माना जाता है।

आयुर्वेद का सुव्यवस्थित विकास मुख्यत: तीन महान आचार्यों के माध्यम से हुआ–

(क) आचार्य चरक – कायचिकित्सा, निदान, औषध–विज्ञान, रोग–विज्ञान तथा निवारक चिकित्सा के महान प्रवर्तक।

(ख) आचार्य सुश्रुत – शल्य चिकित्सा, शरीर रचना विज्ञान, शल्य उपकरणों तथा शल्य–प्रशिक्षण के अग्रणी आचार्य।

(ग) आचार्य वाग्भट्ट – पूर्ववर्ती आयुर्वेदिक परम्पराओं का समन्वय कर अष्टाङ्ग आयुर्वेद को व्यवस्थित रूप देने वाले विद्वान।

आयुर्वेद ने चिकित्सा को आठ प्रमुख शाखाओं (अष्टाङ्ग आयुर्वेद) में विभाजित किया–

1. कायचिकित्सा (आंतरिक रोग)
2. शल्य तंत्र (शल्य चिकित्सा)
3. शालाक्य तंत्र (नेत्र, नाक, कान एवं गला)
4. कौमारभृत्य (बाल एवं मातृ चिकित्सा)
5. अगद तंत्र (विष चिकित्सा)
6. भूतविद्या (मानसिक एवं व्यवहारिक विकारों से संबंधित पारंपरिक शाखा)
7. रसायन तंत्र (पुनर्यौवन एवं प्रतिरक्षा संवर्धन)
8. वाजीकरण (प्रजनन एवं प्रजनन स्वास्थ्य)

यह वर्गीकरण स्पष्ट करता है कि प्राचीन भारतीय चिकित्सा प्रणाली अत्यंत विकसित, विशिष्ट एवं विशेषज्ञता–आधारित थी। विभिन्न रोगों के लिए पृथक शाखाओं का विकास उस समय की चिकित्सा–चेतना और व्यावहारिक अनुभव का प्रमाण है।

आयुर्वेद की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि यह रोग के उपचार से अधिक उसके कारणों की पहचान तथा रोकथाम पर बल देता है। दिनचर्या, ऋतुचर्या, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, योग, मानसिक संयम तथा नैतिक जीवन को स्वास्थ्य का आधार माना गया है। आधुनिक युग में जब जीवनशैली–जनित रोग तीव्र गति से बढ़ रहे हैं, तब आयुर्वेद की यह निवारक दृष्टि और भी अधिक प्रासंगिक प्रतीत होती है।

आचार्य चरक का चिकित्सा विज्ञान में योगदान– भारतीय चिकित्सा परम्परा में आचार्य चरक का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनकी रचनाचरक संहिताआयुर्वेद की सबसे प्रामाणिक संहिताओं में गिनी जाती है। विद्वानों के अनुसार इसका मूल आधार अग्निवेश तंत्र था, जिसे आचार्य चरक ने संशोधित एवं विस्तृत रूप प्रदान किया। बाद में दृढबल ने इसके कुछ लुप्त अध्यायों का पुनर्संपादन किया। चरक संहिता मुख्यत:कायचिकित्सा पर केंद्रित है, किंतु इसमें शरीर–विज्ञान, औषध–विज्ञान, रोग–विज्ञान, निदान, आहार–विहार तथा चिकित्सकीय नैतिकता का भी विस्तृत विवेचन मिलता है।

आचार्य चरक का सबसे महत्वपूर्ण योगदान यह है कि उन्होंने रोग के उपचार की अपेक्षारोग की रोकथाम पर अधिक बल दिया। उनका मानना था कि संतुलित आहार, नियमित दिनचर्या, ऋतु के अनुरूप जीवनशैली, मानसिक संयम तथा सदाचार स्वस्थ जीवन के आधार हैं। यह दृष्टिकोण आज के Preventive Mediciene और Lifestyle Mediciene की अवधारणाओं के निकट दिखाई देता है।

चरक ने चिकित्सक के लिए चार आवश्यक तत्व बताए – भिषक

(चिकित्सक), द्रव्य (औषधि), उपस्थाता (परिचारक) तथा रोगी। उनके अनुसार इन चारों का समुचित समन्वय ही सफल चिकित्सा का आधार है। आधुनिक स्वास्थ्य व्यवस्था में भी चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, औषधि तथा रोगी की सहभागिता को उपचार की सफलता का महत्वपूर्ण आधार माना जाता है।

चरक संहिता में चिकित्सक के नैतिक आचरण पर विशेष बल दिया गया है। चिकित्सक को ज्ञानवान, संयमी, करुणामय तथा गोपनीयता का पालन करने वाला बताया गया है। रोगी के हित को सर्वोपरि मानने की यह अवधारणा आधुनिक चिकित्सा नैतिकता के अनेक सिद्धांतों से साम्य रखती है।

इसके अतिरिक्त चरक ने सैकड़ों औषधीय वनस्पतियों का वर्गीकरण, उनके गुण, उपयोग तथा निर्माण विधियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने व्यक्तिगत प्रकृति (प्रकृति) के अनुसार उपचार की अवधारणा विकसित की, जो आज Psrsonalise Mediciene के संदर्भ में पुन: चर्चा का विषय है। हालांकि आधुनिक व्यक्तिगत चिकित्सा मुख्यत: आनुवंशिकी पर आधारित है, इसलिए दोनों अवधारणाओं को समान न मानकर तुलनात्मक दृष्टि से समझना अधिक उपयुक्त है।

आचार्य सुश्रुत और शल्य चिकित्सा का विकास– यदि चरक को आंतरिक चिकित्सा का जनक कहा जाता है, तोआचार्य सुश्रुतको शल्य चिकित्सा का अग्रदूत माना जाता है। उनकी रचनासुश्रुत संहिताविश्व चिकित्सा इतिहास की महत्वपूर्ण शल्य चिकित्सा संबंधी कृतियों में सम्मिलित है।

सुश्रुत संहिता में लगभग300 प्रकार की शल्य प्रक्रियाओं तथा120 से अधिक शल्य उपकरणोंका वर्णन मिलता है। इन उपकरणों में चाकू, सुई, कैंची, चिमटी, हुक, नलिकाएँ तथा अन्य शल्य यंत्र सम्मिलित हैं। आधुनिक उपकरणों से उनकी संरचना भिन्न थी, किंतु यह विवरण उस समय की विकसित शल्य परम्परा का संकेत देता है।

सुश्रुत ने शल्य–प्रशिक्षण पर विशेष बल दिया। वे विद्यार्थियों को प्रत्यक्ष रोगी पर अभ्यास कराने से पूर्व फल, सब्जियों, चमड़े तथा अन्य उपयुक्त पदार्थों पर अभ्यास कराने की सलाह देते हैं। यह पद्धति आधुनिक चिकित्सा शिक्षा में प्रयुक्त Simulation Based Training की अवधारणा से कुछ सीमा तक तुलनीय मानी जा सकती है।

सुश्रुत संहिता में अस्थिभंग, संधि–भंग, नेत्र रोग, मूत्राशय की पथरी, प्रसूति संबंधी समस्याएँ तथा विभिन्न शल्य प्रक्रियाओं का विस्तृत वर्णन मिलता है। विशेष रूप से नाक के पुनर्निर्माण की तकनीक ने यूरोप सहित विश्व के अनेक चिकित्सकों का ध्यान आकर्षित किया। अठारहवीं शताब्दी में भारतीय शल्य तकनीकों का विवरण यूरोपीय चिकित्सा साहित्य में भी प्रकाशित हुआ, जिसने आधुनिक प्लास्टिक सर्जरी के इतिहास में भारत की भूमिका को रेखांकित किया।

सुश्रुत ने शरीर रचना विज्ञान के अध्ययन के लिए शव विच्छेदन का भी उल्लेख किया है। यह तथ्य दर्शाता है कि शरीर की संरचना को समझने के लिए प्रत्यक्ष अवलोकन को महत्व दिया जाता था। यद्यपि उस समय की पद्धतियाँ आधुनिक एनाटॉमी से भिन्न थीं, फिर भी यह वैज्ञानिक दृष्टिकोण का महत्वपूर्ण संकेत है।

आचार्य वाग्भट्ट एवं अष्टाङ्ग आयुर्वेद का समन्वय– आचार्य वाग्भट्ट ने पूर्ववर्ती आयुर्वेदिक परम्पराओं का समन्वय करते हुएअष्टाङ्ग संग्रहतथाअष्टाङ्ग हृदयम्की रचना की। इन ग्रंथों ने आयुर्वेद को अधिक व्यवस्थित, सरल तथा चिकित्सकीय व्यवहार के अनुकूल स्वरूप प्रदान किया।

वाग्भट्ट ने स्वास्थ्य संरक्षण मेंदिनचर्या, ऋतुचर्या, सद्वृत्ता, आहार–विहार, योग, व्यायाम, निद्रातथा मानसिक संतुलन को अत्यधिक महत्व दिया। उनके अनुसार अधिकांश रोग अनुचित जीवनशैली, असंतुलित भोजन तथा मानसिक तनाव के कारण उत्पन्न होते हैं। आज जब मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा और हृदय रोग जैसी जीवनशैली–जनित समस्याएँ बढ़ रही हैं, तब वाग्भट्ट की शिक्षाएँ विशेष रूप से प्रासंगिक प्रतीत होती हैं।

अष्टाङ्ग हृदयम् की भाषा अपेक्षाकृत सरल होने के कारण यह भारत के विभिन्न भागों में चिकित्सकों के लिए अत्यंत उपयोगी ग्रंथ बना और आज भी आयुर्वेदिक शिक्षा का महत्वपूर्ण आधार है।

त्रिदोष सिद्धांत : आयुर्वेद की मूल अवधारणा– आयुर्वेद का आधारत्रिदोष सिद्धांतहै, जिसके अनुसार शरीर की समस्त जैविक क्रियाएँवात, पित्ता एवं कफनामक तीन कार्यात्मक सिद्धांतों के संतुलन पर आधारित हैं।

- वात – गति, स्नायु क्रिया, श्वसन, संचार तथा तंत्रिका संबंधी कार्यों से संबद्ध माना गया है।
- पित्त – पाचन, चयापचय, ऊष्मा तथा जैव–रासायनिक परिवर्तनों से संबंधित माना गया है।
- कफ – शरीर की संरचना, स्थिरता, स्निग्धता, पोषण तथा संरक्षण से संबद्ध माना गया है।

आयुर्वेद के अनुसार जब इन तीनों दोषों का संतुलन बना रहता है तब व्यक्ति स्वस्थ रहता है, जबकि असंतुलन रोग का कारण बनता है।

आधुनिक चिकित्सा विज्ञान में त्रिदोष सिद्धांत को उसी रूप में स्वीकार नहीं किया गया है, क्योंकि इसकी अवधारणाएँ आधुनिक जैव–रसायन और शरीर–क्रिया विज्ञान की शब्दावली से भिन्न हैं। तथापि कुछ शोधकर्ता इसे शरीर के कार्यात्मक संतुलन की पारंपरिक व्याख्या के रूप में देखते हैं। इस कारण त्रिदोष सिद्धांत का अध्ययन तुलनात्मक एवं अंतर्विषयी दृष्टिकोण से किया जाना चाहिए।

औषधीय वनस्पतियाँ एवं द्रव्यगुण विज्ञान– भारतीय ज्ञान परम्परा में वनस्पतियों को प्रकृति का अमूल्य उपहार माना गया है। आयुर्वेद में औषधीय द्रव्यों का व्यवस्थित वर्गीकरणद्रव्यगुण विज्ञानके अंतर्गत किया गया है। प्रत्येक औषधि के रस (स्वाद), गुण, वीर्य (ऊष्मीय प्रभाव), विपाक तथा विशेष प्रभाव का विश्लेषण किया गया है।

चरक, सुश्रुत और वाग्भट्ट ने अनेक औषधीय पौधों का उल्लेख किया है, जिनमें प्रमुख हैं:

1. अश्वगंधा (*Withaniasomnifera*)
2. गुडूचीधगिलोय (*Tinospora cordifolia*)
3. हरिद्रा (हल्दी) (*Curcuma longa*)
4. आंवला (*Phyllanthus emblica*)
5. तुलसी (*Ocimum tenuiflorum*)
6. नीम (*Azadirachta indica*)
7. ब्राह्मी (*Bacopa monnieri*)
8. शतावरी (*Asparagus racemosus*)

आधुनिक वैज्ञानिक अनुसंधानों में इन पौधों के विभिन्न जैव–सक्रिय घटकों पर व्यापक अध्ययन किए जा रहे हैं। उदाहरणस्वरूप, हल्दी में पाया जाने वालाकर्क्यूमिन, अश्वगंधा केविथेनोलाइड्स तथा गिलोय के विभिन्न

सक्रिय घटकों पर सूजन, प्रतिरक्षा एवं अन्य जैविक प्रभावों के संदर्भ में अनेक अध्ययन प्रकाशित हुए हैं। हालांकि प्रत्येक पारंपरिक दावे की पुष्टि समान स्तर के वैज्ञानिक प्रमाणों से नहीं हुई हैय इसलिए साक्ष्य-आधारित मूल्यांकन आवश्यक है।

भारतीय चिकित्सा परम्परा का यह ज्ञान आज औषधि अनुसंधान, हर्बल चिकित्सा तथा औषधीय पौधों के संरक्षण के क्षेत्र में नई संभावनाएँ प्रस्तुत कर रहा है।

चिकित्सा शिक्षा एवं चिकित्सकीय नैतिकता- भारतीय ज्ञान परम्परा में चिकित्सा शिक्षा केवल तकनीकी प्रशिक्षण नहीं थी, बल्कि चरित्र निर्माण, अनुशासन एवं सामाजिक उत्तारदायित्व का भी माध्यम थी। गुरुकुल परम्परा में विद्यार्थियों को औषधीय पौधों की पहचान, रोगी की परीक्षा, औषधि निर्माण, शल्य कौशल तथा नैतिक आचरण का समन्वित प्रशिक्षण दिया जाता था।

चरक संहिता में चिकित्सक के लिए सत्यनिष्ठा, विनम्रता, गोपनीयता, करुणा तथा निरंतर अध्ययन को अनिवार्य बताया गया है। रोगी की सामाजिक स्थिति, आर्थिक अवस्था या व्यक्तिगत पहचान के आधार पर भेदभाव न करने की भावना भी भारतीय चिकित्सा परम्परा के मानवीय पक्ष को उजागर करती है।

आज जब चिकित्सा शिक्षा में Professional Ethics, Patient Rights, Informed Consent तथाCompassionate Care पर बल दिया जा रहा है, तब भारतीय ज्ञान परम्परा के ये नैतिक आदर्श पुन: प्रासंगिक प्रतीत होते हैं। इससे स्पष्ट होता है कि भारतीय चिकित्सा प्रणाली ने केवल उपचार पद्धति ही नहीं, बल्कि चिकित्सकीय आचरण की एक उच्च नैतिक परम्परा भी विकसित की।

योग, प्राणायाम एवं मानसिक स्वास्थ्य रू भारतीय ज्ञान परम्परा का समग्र दृष्टिकोण- भारतीय ज्ञान परम्परा में स्वास्थ्य का तात्पर्य केवल शारीरिक रोगों की अनुपस्थिति नहीं, बल्कि शरीर, मन, इन्द्रियों तथा आत्मा के संतुलित विकास से है। इसी कारण योग और आयुर्वेद को परस्पर पूरक चिकित्सा पद्धतियाँ माना गया है। महर्षि पतञ्जलि द्वारा प्रतिपादितअष्टाङ्ग योगकृयम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान तथा समाधिकृमानव व्यक्तित्व के समग्र विकास का वैज्ञानिक अनुशासन प्रस्तुत करता है।

आयुर्वेद में मानसिक स्वास्थ्य को शारीरिक स्वास्थ्य के समान ही महत्त्व दिया गया है। चरक संहिता में क्रोध, शोक, भय, लोभ, ईर्ष्या तथा असंयमित जीवनशैली को रोगोत्पत्ति के प्रमुख कारणों में माना गया है। वहींसत्तवावजय चिकित्साके माध्यम से मानसिक संतुलन, आत्मसंयम, सदाचार, सकारात्मक चिंतन तथा ध्यान को मानसिक स्वास्थ्य की आधारशिला बताया गया है।

प्राणायाम के माध्यम से श्वसन तंत्र को संतुलित करने तथा ध्यान के माध्यम से मन की चंचलता को नियंत्रित करने की भारतीय अवधारणा आज वैश्विक स्तर पर भी व्यापक चर्चा का विषय है। अनेक आधुनिक शोधों में योग एवं ध्यान को तनाव प्रबंधन, चिंता के कुछ रूपों, नींद की गुणवत्ता तथा जीवन-गुणवत्ता में सुधार हेतु सहायक पाया गया है। यद्यपि गंभीर रोगों के उपचार में इनका उपयोग प्रशिक्षित चिकित्सकीय परामर्श के साथ पूरक चिकित्सा के रूप में किया जाना अधिक उपयुक्त माना जाता है।

अत: स्पष्ट है कि भारतीय ज्ञान परम्परा में योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि निवारक चिकित्सा, मानसिक स्वास्थ्य संरक्षण तथा स्वस्थ जीवन-पद्धति का अभिन्न अंग है।

भारतीय चिकित्सा प्रणाली का वैश्विक प्रभाव- भारतीय चिकित्सा परम्परा का प्रभाव प्राचीन काल से ही भारत की सीमाओं से बाहर तक विस्तृत रहा है। बौद्ध भिक्षुओं, समुद्री व्यापार तथा सांस्कृतिक आदान-प्रदान के माध्यम से आयुर्वेद का ज्ञान श्रीलंका, नेपाल, तिब्बत, चीन तथा दक्षिण-पूर्व एशिया के अनेक देशों तक पहुँचा। मध्यकाल में इसके अनेक ग्रंथों का अरबी एवं फारसी भाषाओं में अनुवाद हुआ, जिससे पश्चिम एशिया की चिकित्सा परम्पराएँ भी प्रभावित हुईं।

आचार्य सुश्रुत द्वारा वर्णित शल्य चिकित्सा, विशेष रूप से नासिका पुनर्निर्माण, ने अठारहवीं शताब्दी में यूरोपीय चिकित्सकों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। इसके पश्चात भारतीय शल्य चिकित्सा का उल्लेख आधुनिक चिकित्सा इतिहास के महत्वपूर्ण अध्यायों में किया जाने लगा।

इक्कीसवीं शताब्दी में योग, आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा तथा औषधीय पौधों के प्रति वैश्विक रुचि में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। भारत सरकार द्वारा आयुष मंत्रालय की स्थापना, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा पारंपरिक चिकित्सा के लिए पृथक रणनीति तैयार किया जाना इस दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हैं।

भारतीय चिकित्सा प्रणाली का वैश्विक महत्व केवल उसकी प्राचीनता में नहीं, बल्कि उसके समग्र स्वास्थ्य दृष्टिकोण, निवारक चिकित्सा, प्राकृतिक संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग तथा जीवनशैली आधारित स्वास्थ्य संरक्षण की अवधारणाओं में निहित है।

आधुनिक स्वास्थ्य व्यवस्था में भारतीय ज्ञान परम्परा की प्रासंगिकता- वर्तमान समय में मानव समाज जीवनशैली-जनित रोगों, मानसिक तनाव, पर्यावरण प्रदूषण, प्रतिरक्षा संबंधी चुनौतियों तथा वृद्धावस्था संबंधी समस्याओं का सामना कर रहा है। इन परिस्थितियों में भारतीय चिकित्सा प्रणाली के अनेक सिद्धांत विशेष रूप से प्रासंगिक प्रतीत होते हैं।

आयुर्वेद संतुलित आहार, नियमित दिनचर्या, ऋतुचर्या, निद्रा, व्यायाम तथा मानसिक संतुलन को स्वास्थ्य संरक्षण का आधार मानता है। आधुनिक सार्वजनिक स्वास्थ्य भी स्वास्थ्य संवर्धन, रोग-निवारण तथा स्वस्थ जीवनशैली को प्राथमिकता देता है। इस दृष्टि से दोनों प्रणालियों के बीच संवाद एवं सहयोग की पर्याप्त संभावनाएँ हैं।

भारत में आयुष प्रणाली को स्वास्थ्य सेवाओं का पूरक अंग बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। औषधीय पौधों का वैज्ञानिक अध्ययन, आयुर्वेदिक औषधियों का मानकीकरण, समन्वित चिकित्सा, डिजिटल स्वास्थ्य अभिलेख तथा साक्ष्य-आधारित अनुसंधान इस दिशा में महत्त्वपूर्ण पहल हैं।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने भी भारतीय ज्ञान प्रणाली को उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान का अभिन्न अंग बनाने पर बल दिया है। इससे चिकित्सा शिक्षा, औषधीय अनुसंधान तथा पारंपरिक ज्ञान के वैज्ञानिक पुनर्पाठ को नई दिशा मिली है।

चुनौतियाँ एवं संभावनाएँ- यद्यपि भारतीय चिकित्सा प्रणाली विश्व की प्राचीनतम एवं समृद्ध चिकित्सा परम्पराओं में से एक है, तथापि इसके समक्ष अनेक चुनौतियाँ विद्यमान हैं।

प्रथम, प्राचीन आयुर्वेदिक ग्रंथों का समालोचनात्मक संपादन, प्रमाणिक अनुवाद तथा वैज्ञानिक व्याख्या अभी भी व्यापक स्तर पर अपेक्षित है।

द्वितीय, औषधीय पौधों की गुणवत्ता, शुद्धता, मानकीकरण तथा

गुणवत्ता नियंत्रण को और अधिक सुदृढ़ करने की आवश्यकता है।

तृतीय, पारंपरिक औषधियों एवं उपचार पद्धतियों के संबंध में उच्च गुणवत्ता वाले नैदानिक परीक्षण तथा बहुकेंद्रीय अनुसंधान अपेक्षाकृत सीमित हैं। इनके विस्तार से साक्ष्य-आधारित चिकित्सा को बल मिलेगा।

चतुर्थ, औषधीय जैव विविधता का संरक्षण तथा पारंपरिक ज्ञान से संबंधित बौद्धिक संपदा अधिकारों की सुरक्षा भी समय की आवश्यकता है।

इन चुनौतियों के साथ-साथ भारतीय चिकित्सा प्रणाली के समक्ष अनेक संभावनाएँ भी विद्यमान हैं। भारत विश्व की सर्वाधिक समृद्ध औषधीय जैव विविधता, प्राचीन चिकित्सा ग्रंथों तथा प्रशिक्षित आयुर्वेदाचार्यों का धनी देश है। यदि पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक विज्ञान, जैव-प्रौद्योगिकी, औषधि अनुसंधान तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसी नई तकनीकों के साथ समन्वित किया जाए तो वैश्विक स्वास्थ्य क्षेत्र में भारत की भूमिका और अधिक सशक्त हो सकती है।

निष्कर्ष- भारतीय ज्ञान परम्परा ने चिकित्सा विज्ञान के विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण एवं बहुआयामी योगदान दिया है। वैदिक साहित्य में स्वास्थ्य संबंधी प्रारंभिक अवधारणाओं से लेकर चरक, सुश्रुत एवं वाग्भट्ट द्वारा प्रतिपादित आयुर्वेदिक सिद्धांतों तक भारतीय चिकित्सा प्रणाली का विकास निरंतर वैज्ञानिक अनुभव, चिकित्सकीय अभ्यास तथा मानवीय संवेदनाओं के आधार पर हुआ।

आचार्य चरक ने रोग-निवारण, निदान, आहार-विहार तथा चिकित्सकीय नैतिकता को व्यवस्थित रूप प्रदान किया। आचार्य सुश्रुत ने शल्य चिकित्सा, शरीर रचना विज्ञान तथा शल्य-प्रशिक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया। आचार्य वाग्भट्ट ने आयुर्वेद के विविध अंगों का समन्वय करते हुए उसे व्यवहारिक एवं सर्वसुलभ स्वरूप प्रदान किया। योग, प्राणायाम, ध्यान, औषधीय वनस्पतियाँ तथा प्रकृति के साथ संतुलित जीवन भारतीय चिकित्सा दर्शन की ऐसी विशेषताएँ हैं जो आज भी मानव स्वास्थ्य के लिए अत्यंत प्रासंगिक हैं।

यह भी स्पष्ट है कि भारतीय चिकित्सा प्रणाली का उद्देश्य केवल रोग का उपचार करना नहीं, बल्कि स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा, रोगों की रोकथाम तथा संतुलित जीवनशैली का विकास करना है। यही कारण है कि आधुनिक समय में समग्र स्वास्थ्य, निवारक चिकित्सा तथा समन्वित चिकित्सा की अवधारणाओं के साथ भारतीय ज्ञान परम्परा का महत्व पुन: बढ़ रहा है।

यद्यपि आधुनिक चिकित्सा विज्ञान ने रोग-निदान, आपातकालीन उपचार तथा शल्य चिकित्सा में अभूतपूर्व प्रगति की है, तथापि दीर्घकालिक स्वास्थ्य संरक्षण, जीवनशैली प्रबंधन, मानसिक संतुलन तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में भारतीय चिकित्सा परम्परा के सिद्धांत अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो सकते हैं। आवश्यकता इस बात की है कि आयुर्वेद एवं भारतीय चिकित्सा ज्ञान का मूल्यांकन आधुनिक वैज्ञानिक अनुसंधान, साक्ष्य-आधारित परीक्षण तथा अंतरविषयी अध्ययन के माध्यम से किया जाए।

अंतत: कहा जा सकता है कि भारतीय ज्ञान परम्परा केवल भारत की सांस्कृतिक धरोहर नहीं, बल्कि मानवता को स्वस्थ, संतुलित एवं सतत जीवन-पद्धति प्रदान करने वाली एक महत्वपूर्ण ज्ञान-संपदा है। यदि इसके सिद्धांतों का वैज्ञानिक पुनर्पाठ, मानकीकरण तथा वैश्विक स्तर पर प्रभावी प्रस्तुतीकरण किया जाए, तो यह भविष्य की स्वास्थ्य व्यवस्था के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

(क) मूल आयुर्वेदिक एवं वैदिक ग्रंथ

1. अथर्ववेद। गीता प्रेस, गोरखपुर।
2. ऋग्वेद। गीता प्रेस, गोरखपुर।
3. चरक।चरक संहिता। हिन्दी व्याख्यासहित। चौखम्बा संस्कृत संस्थान, वाराणसी।
4. सुश्रुत।सुश्रुत संहिता। हिन्दी व्याख्यासहित। चौखम्बा संस्कृत संस्थान, वाराणसी।
5. वाग्भट्ट।अष्टाङ्गहृदयम। हिन्दी अनुवाद। चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी।
6. पतञ्जलि।योगसूत्र। गीता प्रेस, गोरखपुर।

(ख) हिन्दी ग्रंथ

7. शर्मा, प्रियव्रत।आयुर्वेद का इतिहास। चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी।
8. शर्मा, प्रियव्रत।द्रव्यगुण विज्ञान (भाग-1 एवं 2)। चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी।
9. त्रिपाठी, ब्रह्मानन्द।चरक संहिता (हिन्दी टीका)। चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी।
10. त्रिपाठी, ब्रह्मानन्द।अष्टाङ्गहृदयम् (निर्मला हिन्दी टीका)। चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान, वाराणसी।
11. शास्त्री, अम्बिकादत्त।सुश्रुत संहिता (आयुर्वेद तत्त्व सन्दीपिका)। चौखम्बा संस्कृत संस्थान, वाराणसी।
12. उपाध्याय, यदुनन्दन।माधव निदान। चौखम्बा संस्कृत संस्थान, वाराणसी।
13. पाण्डेय, गोविन्दचन्द्र।भारतीय संस्कृति। लोकभारती प्रकाशन, प्रयागराज।
14. पाण्डेय, राजबली।भारतीय संस्कृति। चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी।
15. उपाध्याय, बलदेव।संस्कृत साहित्य का इतिहास। शारदा निकेतन, वाराणसी।

(ग) सरकारी एवं संस्थागत प्रकाशन

16. भारत सरकार।राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020।
17. आयुष मंत्रालय।वार्षिक प्रतिवेदन (नवीनतम संस्करण)।
18. केंद्रीय आयुर्वेदिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (CCRAS)।शोध प्रकाशन।
19. भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (NCIMS)।आधिकारिक प्रकाशन।
20. विश्व स्वास्थ्य संगठन। *Traditional Medicine Strategy 2025–2034*

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2025, E-Journal, Vol. I, Issue L (50), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

Uses and Benefits of E-Commerce

Dr. Shail Prabha Koshta*

***Professor & HOD (Economics) PM College Of Excellence Govt. Mahakoshal Arts and Commerce (Autonomus) College, Jabalpur (M.P.) INDIA**

Keywords : E-Commerce, Retail Management, Retailing, Customers , Shopping.

Introduction: E-Commerce and Retail Management play an important role in our daily life by making buying and selling easy, fast, and convenient. **E-Commerce** allows people to purchase goods and services online using the internet, such as shopping on Amazon or paying bills online. **Retail Management** focuses on selling products directly to customers through shops, malls, supermarkets, and online stores.

E-Commerce and Retail Management are two closely connected areas of modern business. With the growth of the internet, smartphones, and digital payment systems, the traditional retail system has transformed into a technology-driven, customer-centric model. Today, businesses use both **offline (physical retail)** and **online (e-commerce)** platforms to reach customers efficiently and competitively.In daily life, e-commerce saves time, offers a wide variety of products, provides easy price comparison, and supports digital payments. Retail management ensures product availability, good customer service, proper store management, and attractive offers. Both systems help consumers get better quality products at reasonable prices. With the growth of digital technology and online payments, e-commerce and retail management have become essential for consumers and businesses. They improve convenience, efficiency, and customer satisfaction, making everyday life simpler and more comfortable.

E-Commerce (Electronic Commerce): E-Commerce refers to the buying and selling of goods and services through electronic networks, mainly the internet. It enables businesses and consumers to conduct transactions online without physical interaction. E-commerce includes online marketing, electronic payments, order processing, and customer support. It provides 24×7 availability, global reach, cost efficiency, and convenience. However, it also faces challenges such as security risks, lack of physical inspection, and dependence on technology. Overall, e-commerce has transformed traditional business by making trade faster, easier, and more customer-oriented.

Features of E-Commerce

1. 24×7 availability
2. Global market access
3. Paperless transactions
4. Fast and convenient buying process
5. Use of digital payments

Types of E-Commerce:

1. B2C (Business to Consumer) B2C is a type of e-commerce in which business organizations sell goods or services directly to final consumers through online platforms.

- Key Features:

Direct interaction between business and consumer
Online product display and digital marketing
Electronic payment systems
Home delivery of products

- Examples: Amazon, Flipkart, Myntra, Nykaa
- Importance: B2C e-commerce is the most common form of online trade and focuses on customer convenience, competitive pricing, and wide product variety.2. B2B (Business to Business)

2. B2B is a type of e-commerce in which transactions take place between two or more business organizations. In this model, goods and services are sold by one business to another business rather than to the final consumer.

- Key Features:

Bulk transactions
Long-term business relationships
Negotiated pricing
Use of online portals and electronic data exchange

- Examples: Alibaba, IndiaMART, TradeIndia
- Importance: B2B e-commerce helps businesses reduce procurement costs, improve efficiency, and maintain smooth supply chain operations.

3. C2C (Consumer to Consumer)

C2C is a type of e-commerce in which individual consumers sell goods or services directly to other consumers through an online platform.

- Key Features:

Transactions between individuals

Platform acts as an intermediary
Mostly second-hand or used goods
Online payment and communication

- Examples: OLX, eBay, Quikr
- Importance: C2C e-commerce allows consumers to earn from unused goods and provides buyers with products at lower prices

4. C2B (Consumer to Business)

C2B is a type of e-commerce in which individual consumers offer products, services, or value to business organizations in exchange for payment.

- Key Features: Consumers act as service providers

Businesses choose from multiple consumers offers
Flexible pricing and contracts
Common in the digital economy

